पाक्षिक

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25

◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 12 ◆ रायपुर 20 दिसंबर 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ और देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है

# देश की सबसे बहादुर पुलिस बलों में से है छत्तीसगढ़ पुलिस - अमित शाह

### राष्ट्रपति निशान हमारे जवानों की कर्तव्यनिष्ठा, साहस और समर्पण का प्रतीक -मुख्यमंत्री

रायपुर। छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित बेहद गरिमामय कार्यक्रम में राज्य की पुलिस को राष्ट्रपति निशान (पुलिस कलर्स अवार्ड-2024) सौंपा।



**गृह मंत्री अमित शाह ने सौंपा राष्ट्रपति निशान**



यह देश के सशस्त्र बलों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस की असाधारण सेवाओं, बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के लिए राज्य को यह सम्मान मिला है। छत्तीसगढ़ यह सम्मान हासिल करने वाला देश का सबसे युवा राज्य है, जिसने अपने गठन के मात्र 24 वर्षों में ही यह उपलब्धि हासिल की है।



गृह मंत्री श्री अमित शाह ने राष्टपति निशान अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि राष्टपति का पुलिस कलर्स अवार्ड केवल एक सम्मान नहीं है, यह सेवा और कर्तव्य का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सलवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में जो साहस और प्रतिबद्धता दिखाई है, वह अभूतपूर्व है। छत्तीसगढ़ पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ और बहादुर पुलिस बलों में से एक बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ और देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद का पूर्णतः खात्मा हो जाएगा। श्री शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि इसने न केवल कानून और व्यवस्था को बनाए रखा है, बल्कि जनता के विश्वास को भी मजबूत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्टपति का पुलिस कलर्स अवार्ड पुलिस बल के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा, उनका हौसला और मनोबल बढ़ाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जांबाज पुलिस को राष्टपति निशान सौंपना मेरे लिए भी गर्व की बात है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ की पुलिस की कड़ी मेहनत, समर्पण और जनता के प्रति लगाव का द्योतक है। छत्तीसगढ़ की पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोंकने की तैयारी में है। यहां की पुलिस ने कानून-व्यवस्था और नक्सल मोर्चे के साथ ही कोरोना महामारी में भी बहुत अच्छा काम किया है।

### छत्तीसगढ़ पुलिस की 24 वर्षों की सेवा का सम्मान

## डबल इंजन की सरकार में मिल रहा डबल फायदाः जे पी नड्डा



**रायपुर।** देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की नेतृत्व वाली सरकार जनता की सेवा के लिए तत्पर होकर काम कर रही है। इसी का परिणाम है कि पूरे देश और प्रदेश में उत्तरोत्तर विकास हो रहा है। डबल इंजन की सरकार होने की वजह से लोगों को डबल लाभ हो रहा है। आज भारत विश्व की पांचवी बड़ी आर्थिक शक्ति है। अगले पांच सालों में हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेंगे। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित जनादेश परब कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कार्यक्रम में 1124 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा ने जनादेश परब में छत्तीसगढ़ सरकार के एक साल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार स्वप्रेरणा से लोकहित में पूरी जवाबदेही के साथ काम कर रही है। सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के 18 लाख से अधिक जरूरतमंदों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति दी गई। मोदी की गारंटी के अनुरूप यहां किसानों से 3100 प्रति क्विंटल में धान खरीदी की जा रही है।

**गृह मंत्री ने हिंसा में लिप्त युवाओं से हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की**

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में 15 हजार से अधिक आवासों को बनाने की मंजूरी दी

**हिंसा में लिप्त लोगों को मारना रास्ता नहीं है-शाह**

### केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में हथियार छोड़ मुख्यधारा में शामिल हुए छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और असम के लोगों से मुलाकात की

**जगदलपुर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने रविवार की शाम सर्किट हाऊस परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और असम के उन लोगों से मुलाकात की जो हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मुलाकात के बाद



अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने कहा कि 2019 में कश्मीर, उत्तरपूर्व और नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में देश के युवा हथियार लेकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे थे, हिंसा कर रहे थे और पूरे क्षेत्र को विकास से दूर रखते थे। उन्होंने कहा कि उस वक्त प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ये तय किया गया था कि जो लोग हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होना चाहते हैं, उन्हें ये मौका दिया जाए।

श्री शाह ने कहा कि 2019 से 2024 तक सिर्फ नॉर्थईस्ट में ही 9000 से अधिक लोगों ने हथियार छोड़कर सरेंडर किया है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में भी कई युवाओं ने सरेंडर किया है और अब भारत सरकार ऐसे लोगों और नक्सलवाद से पीड़ित लोगों के कल्याण के लिए समग्र योजना बना रही है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में 15 हज़ार मकान बनाने को मंज़ूरी दी है। इसके साथ ही, नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में हर परिवार को एक गाय या भैंस देकर डेयरी कोऑपरेटिव बनाने की शुरूआत भी की जा रही है।

# भाटापारा सिंधी पंचायत ने आयोजित की मिलेट्स सेमीनार, मिलेट्स ऑफ इंडिया पद्मश्री से सम्मानित डॉ खादर हुए शामिल

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत,भाटापारा के तत्वाधान में आज मिलेट्स सेमीनार का आयोजन भाटापारा पटपर रोड पर स्थित गोदड़ी धाम में सर्व समाज के लिए किया गया। जिसमें देश विदेश में प्रसिद्ध मिलेट्स मेन ऑफ भारत पद्मश्री अलंकृत डॉ खादर वल्ली ने व्याख्यान दिया। जिसमें उन्होंने मिलेट्स क्या है? कैसे बनाना है?कैसे खाना हैं? मिलेट्स से कैसे ब्लडप्रेशर ,शुगर,अर्थराईटिज घुटनों एवं जोड़ों का दर्द एवं कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से कैसे बचा जाए, बेहद ही सरल भाषा मे बताया। कैसे हम वर्तमान मे अपने खानपान से अपने शरीर के साथ खिलवाड़ कर रहे, बहुत ही अद्भुत रोचक जानकारियां दी जिनका उन्होंने रिसर्च किया हैं।

लोगों ने बड़े उत्साह के साथ अपने मन के प्रश्नोत्तरी का निराकरण भी किया। लोगो ने किये सवाल जिसका उन्होंने रोचक तरीके से जवाब दिया।

कार्यक्रम मे पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत,पूज्य बिरादरी पंचायत,महिला मंडल एवं नगर की सामजिक,धार्मिक,व्यापारिक संस्थाओं के लोग शामिल हुए। विशेष रायपुर से हेल्थ केयर एंड शेयर फाउंडेशन के पदाधिकारी भी इस कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में लगभग 300 लोगों ने हिस्सा लिया। जानकारी महासचिव राजेश छाबडीया द्वारा प्रदान की गयी।

# ढाबाडीह एवं सिद्धबाबा में लाखों के विकास कार्यो का शिवरतन शर्मा ने किया लोकार्पण-भूमिपूजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** विकासखण्ड के ग्राम ढ़ाबाडीह एवं सिद्धबाबा में लाखो के विकास कार्यो का लोकार्पण-भूमिपूजन उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने किया.. ढाबाडीह में लोकार्पण-नवनिर्मित सुघ्घर हटरी,रंगमंच, प्राथमिक शाला स्कूल सौंदर्यीकरण,पेवर ब्लॉक,भूमिपूजन-सी.सी.रोड निर्माण कार्य साथ ही सिद्धबाबा में लोकार्पण- सामुदायिक भवन,सुघ्घर हटरी ,प्राथमिक शाला,स्कूल सौंदर्यीकरण, प्योर ब्लाक,भूमिपूजन- सामुदायिक भवन निर्माण कार्य कार्यक्रम संपन्न हुआ..

उपस्थित ग्रामीणजनो को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है। सेवा,सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प और सबका साथ,सबका विकास के उद्देश्य को पूरा करते हुए आज हमारा छत्तीसगढ़ विकास के नए पथ पर अग्रसर हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार गठन के एक साल होने पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को घर घर बांटे जा रहे पत्र



**बलौदाबाजार।** राज्य शासन के निर्देश एवं कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में सरकार गठन के एक साल होने पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा घर घर पहुंचकर विष्णु के पाती(पत्रों) का वितरण किया जा रहा है। जिसके जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना 24- 25 के ग्राम पंचायत मोहतरा ग्राम गोरधा, ग्राम पंचायत नवागांव के आश्रित गांव कोठारी व तालदादार में स्वीकृत हितग्राहियों को माननीय मुख्यमंत्री जी के पाती (पत्र) उनके आवास निर्माण स्थल में पहुंच कर दिया गया। हितग्राहियों द्वारा भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रोजगार सहायक, आवास मित्र सहित जनपद के अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### विशेष जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन मंगलवार 24 दिसंबर को

**बलौदाबाजार।** जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को किया जाता है। 18 दिसंबर.2024 को गुरु घासीदास जयंती एवं 25.दिसंबर 2024 को क्रिसमस पर्व का शासकीय अवकाश होने के कारण विशेष मेडिकल बोर्ड का आयोजन दिनांक 24 दिसंबर 2024 मंगलवार को किया जा रहा है। जिससे विभागीय परीक्षा में चयनित अभिवार्थियों का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं दिव्यांगजनो का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया जा सके एवं उन्हे असुविधा का सामना न करना पडे। दिनांक 01 जनवरी 2025 से जिला मेडिकल बोर्ड सप्ताह के प्रत्यके बुधवार से यथावत आयोजित की जावेगी।

# 22 दिसम्बर को संगीतमय सुंदरकांड समिति का मनाया जाएगा स्थापना दिवस, होगा अखंड 108 हनुमान चालीसा का पाठ



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** श्री संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति के 24वें स्थापना दिवस पर अखंड 108 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होने के लिए अग्रोहा राइसमिल में रखी गई बैठक ।प्रतिवर्षा अनुसार इस वर्ष भी 22 दिसम्बर को श्री संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति का स्थापना दिवस मनाया जाएगा जिसके लिए कार्यक्रम रुपरेखा तैयार की गयी । श्री संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति के स्थापना दिवस पर नगर के हृदय स्थल रामनाम सप्ताह मंडप मे नगर की समस्त धार्मिक व सामाजिक संस्थाओ के द्वारा सुबह 8 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक 108 हनुमान चालीसा पाठ किया जायेगा। ततपश्चात सुंदर कांड समिति के सदस्य के द्वारा भजनो की मधुर प्रस्तुति होगी जिसमें भक्तो को सराबोर होने का अवसर प्राप्त होगा । ये जानकारी समिति के संस्थापक राजेश उपाध्याय द्वारा दी गई ।

# सम्पर्क केंद्र बना बंधक मजदूरों के लिए मुक्ति का बड़ा माध्यम

## महाराष्ट्र में फंसे 27 बंधक मजदूरों की हुई सकुशल घर वापसी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा संचालित सम्पर्क केन्द्र से लोगों की अनेक समस्याओं का समाधान हो रहा है। अब यह सम्पर्क केंद्र बंधक मजदूरों के लिए भी घर वापसी का कारगर माध्यम बन गया है। तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम परसाभदेर के 17 मजदूरों को महाराष्ट्र के ग्राम कोपरा, तहसील,अम्बाजोगाई जिला - बीड़ में बंधुआ बना कर काम लिए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सम्पर्क केन्द्र द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस विभाग एवं श्रम विभाग से समन्वय कर 13 दिसम्बर 2024 को उक्त मजदूरों को बंधक मुक्त कराया गया है और 15 दिसम्बर को सकुशल घर पहुंच गए है इसमें 10 मजदूर बिलासपुर जिले के भी है। ठेकेदार के चंगुल से मुक्त होने पर मजदूरों ने सोमवार को कलेक्टर श्री दीपक सोनी से भेंट कर प्रशासन के प्रति ध्यनवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर ने सभी मजदूरों को स्थानीय स्तर पर ही रोजी मजदूरी करने की सलाह दी।

मजदूरों ने बताया कि जय आनंद काम्बले नामक व्यक्ति द्वारा मजूदरों को अधिक राशि का लाभ देकर बुलाया गया। मजदरों के वहां पहुंचने के कुछ दिनों तक बिना काम कराये रखा गया। लगभग 10 दिन बाद जय आनंद काम्बले द्वारा मजदरों को परमेश्वर नामक व्यक्ति के अधीन कार्य करने के लिए छोड दिया जहां मजदरों से अमानवीय तरीके से कार्य कराया जाता था। मजदूरों द्वारा विरोध करने पर उनको ज्ञात हुआ कि जय आनंद काम्बले ने 3 लाख रूपए में परमेश्वर को बेच दिया गया है। मजदरों को इस घटना की सूचना अपने परिजनों को दिया गया। तत्पश्चात परिजनों द्वारा बलौदाबाजार में कलेक्टर दीपक सोनी के नवाचारी पहल के तहत संचालित सम्पर्क केन्द्र में सम्पर्क कर सम्पूर्ण घटना का विवरण दिया। बंधक मजदूरों में पीयेन्द्र मनहरे,सावित्री मनहरे, सुरजा मनहरे,सुहानी मनहरे, साधना मनहरे,निलेश मनहरे,कन्हैया मनहरे,आशीन मनहरे, राजकुमारी, दशरथ,. सागर जोसेफ सहित 17 अन्य. एवं बिलासपुर जिले के 10 मजदूर शामिल हैं।

# आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ा संविधान पर चर्चा का सत्र



सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा संजीदा बहस की जगह हंगामे का केंद्र बनती जा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है। जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस की जगह शोर शराबा, हंगामा और सदन का स्थगित होना ही आम होता जा रहा है। यही बात लोकसभा में संविधान को लेकर हुई दो दिनों की बहस की चर्चा के दौरान देखने को मिली। संविधान निर्माण के 75वें वर्ष पर हुई यह चर्चा भी छिछालेदार, आरोप-प्रत्यारोप एवं उच्छृंखलता का माध्यम बनी, जबकि संविधान पर इस चर्चा से जनता को एवं देश को सही दिशा मिलनी चाहिए थी, संविधान के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी जानी चाहिए थी।

**जहां विपक्ष ने आरक्षण विरोधी आरोपों को दोहराते हुए कहा कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ हैं और जब-तब दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है।**

संविधान जैसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक बहस न होना लोकतंत्र को कमजोर करने एवं लोकतंत्र रूपी उजालों पर कालिख पोतना ही है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम करके आकाश पर पैबंद लगाने एवं सछिद्र नाव पर सवार होकर संविधान रूपी सागर की यात्रा करने का ही संकेत देकर देश की जनता को निराश ही किया है। भले ही अपने तर्कों एवं तथ्यों से पक्ष एवं विपक्ष ने अतीत के प्रसंगों और विषयों को अधिक रेखांकित किया गया हो। निश्चित ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग-अलग नजरियों को स्पष्ट करने वाली यह बहस न केवल समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर बल्कि लोकतंत्र, समाज और इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करने वाली रही, लेकिन इस बहस में आरक्षण, सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी को शामिल करना विपक्ष की बुद्धि का दिवालियापन ही कहा जा सकता है। इनमें से अनेक प्रसंग और विषय ऐसे थे, जिन पर पहले भी किसी न किसी बहाने संसद के भीतर या बाहर चर्चा होती रही है। यह पहले से दिख रहा था कि विपक्ष संविधान पर चर्चा के बहाने यह बताने की कोशिश करेगा कि संविधान खतरे में है। लेकिन यह समझाने के लिए विपक्षी नेताओं के पास कोई मजबूत तर्क नहीं थे, वे यह स्पष्ट करने में विफल रहे कि आखिर संविधान को खतरा कैसे है? कांग्रेस संविधान पर चर्चा करते समय यह भी भूल गई कि वह यदि मोदी सरकार के एक दशक के कार्यकाल की गलतियां गिनायेगी तो उसे भी अपने चार दशकों के कार्यकाल की गलतियों हिसाब देना होगा। संविधान पर चर्चा के दौरान जैसे विपक्ष ने सत्तापक्ष पर आरोपों की झड़ी लगाई वैसे ही सत्तापक्ष ने भी विपक्ष पर आरोपों की बौछार की। लेकिन यह सब करते हुए पक्ष एवं विपक्ष ने संविधान की विशेषताओं को उजागर करने की सकारात्मकता की बजाय विध्वंसात्मक नीति का ही सहारा लिया। जहां विपक्ष ने आरक्षण विरोधी आरोपों को दोहराते हुए कहा कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और जब-तब दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है। जवाब में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि आरक्षण की जो व्यवस्था अभी लागू है, उनकी सरकार उस पर आंच नहीं आने देगी, लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोई भी कोशिश वह सफल नहीं होने देगी। जाहिर है, इसमें मतदाताओं को अपनी पाली में करने की दोनों पक्षों की कोशिश भी देखी और पहचानी जा सकती है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम ईर्ष्या और मात्सर्य की भावना से किया, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास को ही बल दे रहा था। लगता है कि विपक्षी नेता यह समझने को तैयार नहीं कि लोकसभा चुनाव के समय उन्होंने संविधान के खतरे में होने का जो हौवा खड़ा किया था, वह अब असरकारी नहीं रह गया है। विपक्ष के रवैये से यही लगा कि उसे यह बुनियादी बात समझने में मुश्किल हो रही है कि जाति जनगणना कराने-न कराने से संविधान की सेहत पर क्या असर पड़ने वाला है? कांग्रेस के लिये यदि जाति जनगणना इतनी ही आवश्यक है तो नेहरू, इंदिरा, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के कार्यकाल में क्यों नहीं कराई गई? अच्छा होता कि कांग्रेस नेता पहले इस प्रश्न का जवाब देते और फिर जाति जनगणना की आवश्यकता रेखांकित करते। लेकिन विपक्ष एवं विशेषकर कांग्रेस ऐसे मुद्दों को उछालकर खुद ही निरुत्तर होती रही है। पूरी बहस में महापुरुषों को घसीटने का बिंदु ऐसा था जो न केवल बहस का जायका बिगाड़ने वाला कहा जा सकता है बल्कि यह निरुद्देश्यता एवं स्तरहीनता को ही दर्शाने वाला कहा जा सकता है।



ललित गर्ग

# बिखराव की ओर जाता विपक्षी गठबंधन, आईएनडीआईए की हालत पहले से भी खराब

**कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी मोर्चे आईएनडीआईए में मची उठापटक और वैचारिक अंतर्विरोधों को भांपकर ही शायद नीतीश कुमार ने उससे किनारा किया था। यह एक तथ्य है कि नीतीश कुमार ही आईएनडीआईए के निर्माता-निर्देशक थे। उन्होंने इस गठजोड़ की पहल हिसार में 25 सितंबर 2022 को की थी। हिसार में चौधरी देवीलाल की जन्म-जयंती के अवसर पर नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव, फारूक अब्दुल्ला, शरद पवार, सीताराम येचुरी, डी. राजा और ओमप्रकाश चौटाला आदि उपस्थित थे। उस समय विपक्षी दलों की दशा-दिशा कमोबेश वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों से मेल खाती थी।**



टीएमसी, सपा, आम आदमी पार्टी समेत कई दल कांग्रेस के साथ मंच साझा करने को तैयार नहीं थे। नीतीश कुमार का कांग्रेस के साथ काम करने का कोई अनुभव नहीं था, लेकिन व्यापक एकता के लिए वह कांग्रेस को आवश्यक मानते थे। उन्होंने कांग्रेस के बिना किसी व्यावहारिक विकल्प को नकार कर उसकी स्वीकार्यता पर जोर दिया। उन्होंने लालू प्रसाद के साथ सोनिया और राहुल गांधी से भेंट कर अपनी मुहिम को अंजाम तक पहुंचाया।

जब छह महीने गुजरने के बाद भी कांग्रेस नेतृत्व रहस्यमय चुप्पी साधे रहा तो अंततः नीतीश कुमार ने पटना में जून 2023 को गठबंधन का पहला सफल आयोजन किया और कांग्रेस के प्रति बरती जा रही राजनीतिक अस्पृश्यता को तोड़ने का काम किया। तब अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी और अखिलेश यादव के साथ मंच पर सोनिया एवं राहुल गांधी भी उपस्थित रहे। पटना में प्रधानमंत्री पद के लिए किसी पार्टी के नेता को मनोनीत करने के बजाय सामूहिक नेतृत्व में कार्य किए जाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया।

नीतीश कुमार पीएम पद के लिए पहली पसंद थे, लेकिन वह कहीं गठबंधन के संयोजक न बन जाएं, इस भय से ग्रस्त कांग्रेस ने बेंगलुरु और मुंबई की बैठकों की पहल अपने हाथों में ले ली और फिर दिल्ली में ममता बनर्जी की ओर से नीतीश कुमार के संयोजक बनने पर सवाल उठाकर विपक्षी एकता को विफल किया। जब गठबंधन को सक्रिय करने के लिए कोई कदम नहीं उठे तो नीतीश कुमार उससे बाहर आ गए। एनडीए से इतर उनके द्वारा किया गया एक और प्रयोग असफल रहा था। यह प्रयोग 2015 के विधानसभा चुनाव के अवसर पर किया गया, जिसमें जदयू, राजद, सपा, जनता दल (एस) आदि की एकता कराकर कारगर विपक्ष बनाने का था। नए दल का नाम, नेता का चयन और चुनाव चिह्न आदि पर सर्वानुमति बन चुकी थी और यह तय हो गया था कि मुलायम सिंह यादव की अध्यक्षता में सपा के चुनाव चिह्न पर चुनाव मैदान में उतरा जाएगा, लेकिन ऐन चुनाव के मौके पर सपा ने स्वयं को अलग कर लिया।

अविश्वास, वैचारिक अंतर्विरोध एवं गला काट प्रतिस्पर्धा के चलते आईएनडीआईए की हालत पहले से भी खराब है। ममता बनर्जी ने कांग्रेस को असफल मानकर गठबंधन के नेतृत्व के लिए स्वयं को उपयुक्त माना है। सपा, एनसीपी, आप और राजद ने भी उनके नेतृत्व को स्वीकार्य माना है। वामपंथी दलों का ममता विरोध जगजाहिर है। बंगाल में वाम मोर्चा और कांग्रेस में घमासान जारी है। यहां इसका उल्लेख आवश्यक है कि सपा, राजद, एनसीपी, शिवसेना-यूबीटी, द्रमुक, टीएमसी, वाईएसआर कांग्रेस, जेडीयू, आप और यहां तक कि वाम दलों को प्राप्त हुआ जनाधार कांग्रेस पार्टी से छीना हुआ है। भाजपा एकमात्र दल है जो अपना स्वतंत्र अस्तित्व एवं क्षेत्र बनाने में सफल रही है। विपक्षी गठबंधन के बीच ताजा विवाद उत्तर प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र में अधिक है। पिछले लोकसभा चुनाव में पिता मुलायम सिंह से भी अधिक सीटें प्राप्त कर अखिलेश यादव का जोश सातवें आसमान पर है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और हरियाणा में कांग्रेस द्वारा उपेक्षित होकर वह पिता के पदचिह्नों पर चलते दिख रहे हैं, जो इस पक्ष में कभी नहीं रहे कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में फले-फूले। यह मुलायम सिंह ही थे, जिन्होंने 1999 में सोनिया गांधी को प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया था। प्रारंभिक दिनों में लालू-नीतीश की जोड़ी ने भी बिहार में कांग्रेस को हाशिए पर पहुंचाने में कामयाबी हासिल की। बाद में लालू के लिए कांग्रेस अनिवार्य हो गई। आईएनडीआईए में खींचतान के बीच रामगोपाल यादव का यह वक्तव्य महत्वपूर्ण है कि राहुल गांधी गठबंधन के नेता नहीं हैं। संसद में भी सपा और कांग्रेस की राहें जुदा दिखती हैं। सपा और टीएमसी को अदाणी प्रकरण से ज्यादा महत्वपूर्ण संभल की घटना दिखती है। कांग्रेस द्वारा स्वयं को सेक्युलर एवं सामाजिक न्याय की एकमात्र पार्टी प्रचारित करना भी सपा, राजद सरीखी पार्टियों को अखर रहा है। महाराष्ट्र के घटनाक्रम ने गठबंधन की खाई को और चौड़ा कर दिया है। महाराष्ट्र सपा ने खुद को महाविकास आघाड़ी से अलग कर लिया है। महाराष्ट्र सपा अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने शिवसेना को भाजपा से भी ज्यादा खतरनाक कहा है। इसके जवाब में शिवसेना-यूबीटी नेता संजय राउत ने सपा को भाजपा की बी टीम करार दिया।

हरियाणा से सबक लेकर आप ने दिल्ली में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर कांग्रेस के मंसूबों पर पानी फेर दिया है।

केसी त्यागी



# अग्रवाल समाज ने किया रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** अग्रवाल सभा और अग्रवाल महिला के संयुक्त प्रयास से छत्तीसगढ़ प्रांतिय युवा अग्रवाल संगठन अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन मंडल के संयुक्त प्रयास से नगर में मथुरादास गुलाबचंद सिंघानिया धर्मशाला में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समाजसेवा के इस प्रेरणादायक आयोजन में नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और 52लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।






## रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य

शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में रक्तदान के महत्व को उजागर करना और लोगों को इसके प्रति प्रेरित करना था। आयोजन में विशेष रूप से डॉक्टर आर.पी. शर्मा ने बताया, रक्तदान महादान है। यह न केवल जरूरतमंदों की मदद करता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। स्वस्थ व्यक्ति हर 3 महीने में रक्तदान कर सकता है।

सभी रक्तदाताओं को आयोजक परिवार द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

## समाजसेवा में अग्रवाल सभा की पहल

अग्रवाल सभा के प्रमुख आशीष बंसल ने कहा, इस शिविर ने समाज और नगरवासियों को एकजुट होकर सेवा कार्य करने का अवसर दिया। हमें गर्व है कि यह आयोजन लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित करने में सफल रहा।

## लक्ष्मी वरदान दिवस पर की गयी पूजन अर्चन

कार्यक्रम के अवसर पर लक्ष्मी वरदान दिवस पर रूद्रेश अग्रवाल सह पत्नीक कल्पना अग्रवाल द्वारा पूजा-अर्चना भी की गई

### शिविर में योगदान देने वाले प्रमुख नाम

*इस आयोजन में डॉक्टर भुनेश देवांगन, कोमल साहू, मनीषा साहू, प्रनेश जायसवाल, दीप्ति दास, सोनू पटेल, जागृति पटेल, और नंदिनी वर्मा ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। साथ ही, मारवाड़ी सेवा मंच और अग्रवाल सभा के सदस्य जैसे विकास बंसल, अंकित बंसल, अतुल सिंघानिया, साकेत अग्रवाल, राम अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, सोमराज बिंदल, आशुतोष सिंघानिया, पंकज अग्रवाल, और विवेक डोकानियां ने शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा, सुनीता अग्रवाल, नेहा केडिया, सुरेंद्र सिंघानिया, अनिल सिंघानिया, और आशीष बंसल ने भी आयोजन में भाग लेकर इसे यादगार बनाया।*

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा प्रशिक्षण केन्द्र में 56 वर्षीय लाल सिंह श्रीवास का संघर्ष

**थानखम्हरिया।** 56 वर्षीय लाल सिंह श्रीवास, जो अपने पैतृक व्यवसाय (नाई) से जुड़े हुए हैं, ने अपने समर्पण और संघर्ष की अद्भुत मिसाल पेश की है। पांचवीं तक शिक्षा प्राप्त करने के बाद, उन्होंने अपने परिवार की परंपरा को कायम रखते हुए इस व्यवसाय को ही रोजगार का जरिया बनाया। लाल सिंह श्रीवास के घर में 10 सदस्य हैं, जिनमें उनके बेटे भी इसी व्यवसाय में कार्यरत हैं। इनके पास खुद का मोटर साइकिल नहीं है, फिर भी 10 किलोमीटर साइकिल चलाकर थान-खम्हरिया में संचालित पीएम विश्वकर्मा प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण लेने पहुंचते हैं।



## प्रशिक्षण केंद्र से उम्मीदें

थान-खम्हरिया मे चल रहे यह प्रशिक्षण केंद्र क्षेत्रीय विकास और रोजगार को नई दिशा देने के लिए कार्यरत है। यहां शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ बेमेतरा, बेरला, नवागढ़, साजा, लोहारा, बोड़ला, पंडरिया, कवर्धा, धमधा, गंडई, और खैरागढ़ के लोग भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

## प्रशिक्षण केंद्र का संचालन

इस प्रशिक्षण केंद्र का सफल संचालन श्री होमराज सिन्हा (प्रभारी सेंटर मैनेजर एवं सूचना प्रबंधक), पंकज यदु (प्रशिक्षक), निधि देवांगन (प्रशिक्षक), अनुराग बांगली (प्रशिक्षक एवं ऑफिस बॉय), और माधुरी तिवारी (टेलीकॉलर) द्वारा किया जा रहा है।

## देशबंधु प्रतिनिधि का दौरा

देशबंधु प्रतिनिधि अनिल सिंघानिया द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना प्रशिक्षण में पहुंचे सभी लोगों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत विस्तार पूर्वक जानकारी दी आपने सभी प्रशिक्षुओं को पूरे लगन निष्ठा के साथ काम करने की बात कही आत्मनिर्भर स्वालम्बी बनने की बात कहीं और अपने साथ-साथ आने वाले समय में अपने अतिरिक्त दूसरों अन्य लोगों को रोजगार देने की बात की।

# ग्राम टेढ़ी कांपा में तोषुराम वर्मा ने अध्यक्ष पद की शपथ ली

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** ग्राम टेढ़ी कांपा सेवा सहकारी समिति परिसर में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में तोषुराम वर्मा ने अध्यक्ष पद की शपथ ली। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ईश्वर साहू, जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी, मंडल अध्यक्ष पुणे तोरण यादव सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शीर्ष व्यक्तित्वों ने किया मनोनीत

ज्ञात हो कि तोषु राम वर्मा को समिति अध्यक्ष पद के लिए क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी एवं मंडल अध्यक्ष पुन्नी तोरण यादव द्वारा मनोनीत कर पद दिया गया।

समारोह की शुरुआत भगवान बलराम की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद तोषुराम वर्मा को सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति पर सभी ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, मंडल अध्यक्ष पुणे तोरण यादव, और भाजपा नेता अनिल सिंघानिया ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, भाजपा की सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास की नीति पर काम कर रही है। यह सरकार गरीब और किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान का वादा पूरा किया गया है।

## किसानों के हितों पर दिया जोर

भाषणों में बताया गया कि डबल इंजन की सरकार गरीबों और किसानों के हित में काम कर रही है। खाद, बीज और अन्य कृषि सुविधाओं की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया गया। नरेंद्र मोदी सरकार और विष्णुदेव साहू के नेतृत्व में किसान अपनी खुशहाली और समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं।

इस अवसर पर परमेश्वर पटेल, गौ सेवक अनिल सिंघानिया, पुरन कश्यप, रोहित वर्मा पीलु वर्मा, रमेश वर्मा, प्रहलाद पटेल, ज्वाला सिंह राजपूत, भोजराम, संजय पटेल, मिथुन पटेल, राघेन्द्र निर्मलकर, हीरालाल पटेल, हेमंत तिवारी,दीपक वर्मा भीषम पटेल, पिन्टु वर्मा, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह में स्थानीय किसानों, ग्रामीणों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का सम्मान करते हुए उनका आभार व्यक्त किया गया।

# विधायक इन्द्र साव ने एक वर्ष के सफल कार्यकाल के लिए जनता के प्रति जताया आभार

## स्नेह मिलन समारोह में विधायक ने कार्यकर्ताओं संग किया भोजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित विधानसभा स्तरीय स्नेह मिलन कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव ने अपने विधायकी कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर उपस्थित कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में क्षेत्र की जनता की मंशा के अनुरूप और भी विकास कार्य देखने को मिलेगा।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ,जीव जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व विधायक चैतराम साहू,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री राकेश वैष्णव,मंडी के पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में विधायक इंद्र साव ने कहा कि आज जो स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हो रहा हैं वह आपके द्वारा दिया गया सहयोग एवं आशीर्वाद है जिसके लिए मैं आपका सदैव ऋणी रहूंगा। मेरे लिए आपकी कसौटी पर खरा उतरने के लिए अब सिर्फ 4 वर्ष रह गए इन एक वर्षों में हमने विपक्ष में रहते हुए भी अनेक विकास कार्यों के लिए पहल की है जिसमें भाटापारा शहर को राष्ट्रीय राजमार्ग में जोड़ने, सेमरियाघाट पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण, भाटापारा एवं सिमगा क्षेत्र के तालाबों का सौंदर्यकरण,स्वास्थ्य




सेवाओं के लिए डॉक्टरों की नियुक्तियां,सिमगा अस्पताल को ट्रामा सेंटर बनाना,ग्रामीण क्षेत्रों में सीसी रोड, नालियों का निर्माण, सामुदायिक भवन, हाय मास्त लाइट, और नए खुल रहे उद्योगों में स्थानीय बेरोजगारों के लिए रोजगार उपलब्धता,अवैध शराब बिक्री की रोक हेतु आंदोलन जनकल्याणकारी कार्यक्रम आपके सहयोग से ही हम कर पाए हैं उन्होंने कहा कि जब से मुझे विधायक के रूप में आपने जिम्मेदारी सौंपी है तब से लेकर अब तक निरंतर आपके बीच रहने का,दुख सुख में शामिल होने का क्षेत्र की जनता के तकलीफ परेशानियों के निराकरण के लिए प्रयासरत रहा हूं और विश्वास दिलाता हूं कि आगे भी आने वाले वर्षों में भी आपके बीच रहूंगा तथा विधानसभा क्षेत्र के हर नागरिक की उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा विधानसभा क्षेत्र की जनता मेरी पहली प्राथमिकता है । श्री साव ने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता से मैं आग्रह करता हूं कि मुझे अपने परिवार के सदस्य के समान अपनी हर एक छोटी बड़ी समस्याओं से अवगत कराये जिससे कि मैं उक्त समस्या के निराकरण के लिए प्रयास कर सकू पिछले 1 वर्षों में क्षेत्र की जनता ने जो प्रेम, विश्वास ,अपनापन दुलार दिया उसके लिए मैं सदैव आभारी रहूंगा और आने वाले समय में और अच्छा कर सकूं इसके लिए मुझे आपके मार्गदर्शन की नितांत आवश्यकता होगी। मै चाहता हु कि आप लोग समय-समय पर मेरा पथप्रदर्शित करते रहे जिससे मैं और मेरी पूरी टीम जनता की सेवा में तत्पर रह आपकी सेवा कर सके ।

कार्यक्रम में उपस्थित जीव जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्या भूषण शुक्ला ने कहा कि मैं जब जिला अध्यक्ष था तब इन्द्र साव भाटापारा शहर अध्यक्ष के रूप में मेरा सहयोगी थे। एक पार्षद के रूप में इसने आपकी सेवा की एक पार्षद से विधायक तक का सफर तय किया, उसके लिए पूरे क्षेत्र की जनता के प्रति कृतज्ञता जाहिर



करता हु। कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष श्री सुरेंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह इन्द्र साव बहुत ही सुलझे हुए व्यक्ति हैं और उनके कार्य करने का अपना तरीका है। जिसके चलते विपक्ष में रहते हुए भी आप लोगों की आवाज विधानसभा में समय-समय पर उठाते रहते हैं। आप लोगों का सहयोग और आशीर्वाद हमेशा विधायक जी के साथ रहे। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा की इन्द्र साव ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने जनता की समस्याएं सुनी, समझी एवं उनका निराकरण भी किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण यादव ने भी संबोधित किया। सभा का संचालन पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने और आभार प्रदर्शन विधायक प्रतिनिधि सिमगा शैली भाटिया ने किया उक्त कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक ध्रुव,अमर मन्डावी,विनोद अग्रवाल,अरुण यादव, ईश्वर सिंह ठाकुर, सतीश अग्रवाल,सुरेश वर्मा, रोशन हबलानी, आलोक मिश्रा, बसंत भृगु, गौरी भृगु, डॉक्टर के के नायक, बाबूलाल साहू, देवनारायण बांधे, टेकसिंह ध्रुव, चंद्रशेखर चक्रधारी विधायक प्रतिनिधि दिवाकर मिश्रा ,जीतू ठाकुर ,मुकेश साहू जीतू शर्मा, भारत वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष सुरेंद्र यदु, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, सिमगा पार्षद दशरथ चंद्राकर, लखन देवांगन ,मुरली शर्मा ,हीरालाल साहू, सुनीता यादव ,चंद्रकला साहू, तिलक देवांगन ,झाड़ू राम साहू ,बबली देवांगन, कुलदीप सलूजा, कुबेर यदु, दिनेश साहू, तुषार मानिकपुरी, हेमलाल साहू, सत्यजीत शेंडे, शादाब जलियांवाला, मनमोहन कुर्रे, मुकेश हेंवार, मोहन निषाद, हरीश लहरे, किशन रात्रे, घनाराम साहू, सुकृत साहू, हीरमत बाई साहू, दानी भाट, पूर्णिमा श्रीवास,सहित काफी बड़ी तादाद में कार्यकर्ता एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कोपेडबरी गांव की आरती राजपूत का CISF में हुआ चयन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** कोपेडबरी गांव की होनहार बेटी आरती राजपूत (पिता लक्ष्मण सिंह राजपूत, माता कौशल्या राजपूत ) ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आरती की इस उपलब्धि से न केवल उनका परिवार बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। आरती राजपूत ने कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद अपने लक्ष्य को हासिल किया। एक साधारण परिवार से आने वाली आरती ने ऑनलाइन माध्यम से अपनी पढ़ाई पूरी की। पहले प्रयास में असफलता मिलने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और दोबारा मेहनत शुरू की। भिलाई महाविद्यालय में परीक्षा देकर 160 में से 126 अंक



अर्जित करने के बाद उनका नाम फिजिकल परीक्षा के लिए चयनित हुआ। कठिन परिश्रम और दृढ़ निश्चय के चलते अंततः उन्होंने ष्ट्रढ्ढस्स्न में अपनी जगह बनाई। आरती की सफलता पर गांव और क्षेत्र के लोगों ने हर्ष जताया। कोपेडबरी के सरपंच जलेश्वर राजपूत, शिक्षक निर्मला राजपूत, सुनील शर्मा, जागेश्वर साहू, और सहपाठियों शांति धुर्वे, मधु राजपूत, ज्योति राजपूत, बबला राजपूत, लालजी राजपूत ने बधाई दी। सिपाही उत्तम धुर्वे, मुकेश चंद्रवंशी, शीतल साहू, मां भारती सेवा समिति की अर्चना शर्मा ने भी आरती को शुभकामनाएं दीं।

इस सफलता से प्रेरित होकर क्षेत्र के युवाओं ने भी अपने सपनों को साकार करने के लिए मेहनत करने का संकल्प लिया है। आरती की सफलता यह साबित करती है कि मेहनत और लगन से हर मंजिल पाई जा सकती है।

# नगर में हाथी के आगमन से बच्चों में खुशी की लहर, गजानन के रूप में किये पूजन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** लंबे समय बाद नगरवासियों को हाथी का अद्भुत दर्शन करने का अवसर मिला, जब महात्माओं की एक टोली के साथ एक विशालकाय हाथी नगर में भ्रमण करता दिखा। इस अनोखे दृश्य ने बच्चों और बड़ों के मन में उत्साह भर दिया।कुतूहलवश बच्चे और बड़े सभी अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। बच्चों के लिए यह दृश्य किसी पर्व से कम नहीं था। उन्होंने हाथी को करीब से देखा और आनंदित हुए। वहीं, बड़ों ने भी महात्माओं और हाथी की उपस्थिति को शुभ मानते हुए इस पल का भरपूर आनंद लिया।महात्माओं की इस टोली का नगरवासियों ने खुले दिल से स्वागत किया। यथाशक्ति दान देकर उन्हें सम्मानित किया गया। टोली



के इस भ्रमण ने नगर में सकारात्मकता और आनंद का माहौल बना दिया।यह दृश्य न केवल बच्चों के लिए मनोरंजन का स्रोत बना, बल्कि नगरवासियों के लिए सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व का भी प्रतीक रहा।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत स्वरोजगार जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

थानखम्हरिया। नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित प्रशिक्षण केंद्र में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत स्वरोजगार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करना और विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था।



कार्यक्रम का संचालन सेंटर मैनेजर श्री होमराज सिन्हा ने किया। प्रशिक्षक निधि देवांगन ने मुख्य अतिथियों राजेश ठाकुर (पूर्व नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि) अनिल सिंघानिया (पूर्व एल्डरमेन, गौसेवक) एवं सुरेन्द्र सिंघानिया का स्वागत तिलक एवं पुष्पगुच्छ अर्पित कर किया।कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत मिलने वाले आर्थिक एवं तकनीकी लाभों की जानकारी दी गई। योजना के तहत कारीगरों को कम ब्याज दर पर ऋण तथा आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य है।

इस प्रशिक्षण केंद्र का संचालन 21 अगस्त 2024 से किया जा रहा है, जहां अब तक 120 बढ़ई तथा 250 नाई एवं ब्यूटी पार्लर के प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। प्रशिक्षकों पंकज यदु, निधि देवांगन, अनुराग बांगली और माधुरी तिवारी के सहयोग से यह केंद्र निरंतर छात्रों को कौशल प्रशिक्षण के साथ स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रहा है।

मुख्य अतिथि राजेश ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना शिल्पकारों एवं कारीगरों को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने छात्रों से स्वरोजगार को अपनाने और दूसरों को रोजगार देने का संकल्प लेने का आह्वान किया। आगे उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में सदैव अग्रसर रहने वाले गौसेवक, वरिष्ठ पत्रकार, समाज सेवी अनिल सिंघानिया की प्रशंसा करते हुए कहा कि सुझाव एवं सहयोग के लिए सदैव आगे रहते है।

*समारोह के समापन पर उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रशिक्षुओं को पानी की बोतलें वितरित की गईं। छात्रों ने एक स्वर में शपथ ली कि वे प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार अपनाएंगे तथा समाज के विकास में योगदान देंगे।*

*यह प्रशिक्षण केंद्र अपने प्रशिक्षकों और कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के उद्देश्यों को सफलतापूर्वक साकार करने में जुटा हुआ है।*



# थानखमरिया तहसील कार्यालय में के.आर. वासनिक ने संभाला तहसीलदार का पदभार

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखमरिया।** स्थानीय तहसील कार्यालय में बुधवार को नए तहसीलदार के.आर. वासनिक ने पदभार ग्रहण किया। वे देवकर से स्थानांतरित होकर आए हैं। पदभार संभालने के बाद वासनिक ने कलेक्टर कार्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर तहसील कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। पदभार ग्रहण करने के बाद तहसीलदार वासनिक ने अपनी प्राथमिकताओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग से संबंधित सभी कार्यों का समय पर निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा ताकि किसानों और आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। वासनिक ने विशेष रूप से राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निपटारे और सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने पर जोर दिया। पूर्व तहसीलदार प्रकाश यादव के स्थान पर नियुक्त किए गए वासनिक ने जनता को आश्वस्त किया कि तहसील कार्यालय में पारदर्शिता और सुचारू कार्य प्रणाली को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के हित और जनसुविधा के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।



# अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**अंबिकापुर** -गुरु घासीदास जयंती शुष्क दिवस पर संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम द्वारा 37 लीटर अंग्रेजी एवं मिलावटी शराब जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं।दरसअल संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गंगापुर विदेशी मदिरा दुकान के आसपास अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। वही मौके पर पहुँची संभागीय आबकारी की टीम ने गंगापुर विदेशी मदिरा दुकान के चारों तरफ से जाल बिछाकर दो आरोपियों को धर दबोचा है। आरोपियों के पास से 37 लीटर अंग्रेजी शराब जप्तकर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया हैं। वही पास के मकान से 45 नग मैकडॉवेल नंबर 1,रॉयल चैलेंज और रॉयल स्टैग का ढक्कन सहित एक पिकअप शराब की खाली बोतल जप्त किया गया है।




# छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गौ पूजन कार्यक्रम संपन्न

## सुशासन के 1 वर्ष की खुशी में विशेष आयोजन




ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के सुशासन के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्री राम जानकी गौशाला समिति सैगोना में भव्य गौ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गौ माता के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जनजागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम में श्री विष्णु दास वैष्णव, अध्यक्ष, श्री राम जानकी गौशाला समिति, ने गौ सेवा का महत्व बताते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों की सराहना की। श्रीमती रामबती सिन्हा, सरपंच, ग्राम पंचायत सैगोना, ने अपने वक्तव्य में ग्रामीण विकास और गौ सेवा के महत्व पर जोर दिया।

इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें जोगी पटेल, कुलदीप सिन्हा (समाजसेवी), हरिश चौहान (गौ सेवक), प्यारेलाल पटेल, बली साहू, मिथलेश सिन्हा, कंवल सिन्हा, योगेश वैष्णव, विष्णु साहू, और रति सिन्हा शामिल थे।

धार्मिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। संदीप महाराज और अन्य विद्वानों ने पूजन संपन्न कराया और गौ माता के महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने गौ माता की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। बुधराम सिन्हा, चतुर सिन्हा, दुखु दास वैष्णव, मीना बाई सिन्हा, निर्मला सिन्हा, सरोज वैष्णव, बिमला सिन्हा सहित सैकड़ों लोगों ने इस आयोजन को सफल बनाया।

# अवैध खनन से क्षतिग्रस्त हो रही खनिज संपदा

## प्रशासन की अनदेखी से माफियाओं के हौसले बुलंद

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** खनिज विभाग और अनुभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण क्षेत्र में अवैध खनन की गतिविधियां चरम पर हैं। ठाठापुर भाटा, उमरावनगर, गातापार और अन्य मार्गों पर खनिज माफिया द्वारा खुलेआम खनिज संपदा का दोहन किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार जेसीबी मशीनों से खुदाई कर ट्रैक्टरों द्वारा हाईवे से खनिजों का अवैध परिवहन किया जा रहा है।



### शिकायतों पर नहीं होती सख्त कार्रवाई

जनदर्शन और अन्य बैठकों में अवैध खनन और परिवहन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन धरातल पर इसका कोई प्रभाव दिखाई नहीं देता। समाचार पत्रों में लगातार प्रकाशित होने के बावजूद अधिकारी और प्रशासन खनिज माफियाओं पर सख्त कदम उठाने में विफल साबित हो रहे हैं। शिकायतों के बाद अधिकारियों द्वारा औपचारिक कार्रवाई कर ली जाती है, लेकिन माफिया कुछ समय शांत रहने के बाद फिर सक्रिय हो जाते हैं।

### नियम-कानूनों की खुलेआम अनदेखी

खनन नियमों के अनुसार, जंगलों से डेढ़ किलोमीटर की सीमा के भीतर खनन पर प्रतिबंध है, साथ ही बिजली के हाइटेंशन खंभों के पास भी खनन वर्जित है। बावजूद इसके, इन नियमों को ताक पर रखकर अवैध खनन का कार्य जारी है। यह खनिज संपदा और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है।

### ग्रामीणों और प्रतिनिधियों की अपील

ग्रामीणों ने समाचार पत्रों और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रशासन से अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो खनिज संपदा और पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंचेगी।

### समय रहते कार्रवाई की जरूरत

समाज और पर्यावरण के हित में प्रशासन को अवैध खनन पर सख्ती से रोक लगाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है। अन्यथा यह समस्या विकराल रूप ले सकती है।

> " ऐसे मामले अगर सामने आ रहे हैं तो जांच कर प्रशासन के ओर से कार्यवाही की जायेगी, पूर्व में भी मामले सामने आये हैं जिनपर कार्यवाही की गयी।
>
> घनश्याम सिंह तंवर
> एसडीएम साजा

# बुलाक साहू बने साजा भाजपा मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** साजा भाजपा मंडल के नए अध्यक्ष के रूप में बुलाक साहू की नियुक्ति पर क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल है। नियुक्ति के बाद क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू ने साजा निवास पहुंचकर बुलाक साहू को बधाई दी और शीर्ष नेतृत्व, सांसद विजय बघेल, एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी प्रमेश्वर वर्मा, मंडल अध्यक्ष बल्लू राम साहू, बिसरु साहू, रोहित सिंह ठाकुर, शौर्य जीत सिंह, मुलचंद शर्मा, धर्मचंद जैन, परमानंद यदु सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रेस्ट हाउस में आयोजित स्वागत समारोह में लुकराम साहू, हनुमंत साहू, पुरन साहू, लेखु राम साहू, सुरज राजपूत, जितेन्द्र साहू, दाऊ राम, ओमपाल, मिना राम साहू, अश्विनी साहू, त्रिलोकी साहू, नेतराम, करण, इंदल, अनिल, युवराज, प्रमोद, प्रहलाद वर्मा, नारद साहू, ओमकार साहू, गोविंद साहू, गज्जू साहू, मुकेश, ललित साहू और योगी राम ने बुलाक साहू को शुभकामनाएं दीं। मंडल अध्यक्ष बनने के बाद बुलाक साहू ने कार्यकर्ताओं का धन्यवाद देते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी पार्टी ने उन्हें दी है, जिसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने पार्टी के हर कार्यकर्ता को साथ लेकर संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष को फूल-मालाओं से स्वागत कर अपना समर्थन और उत्साह प्रकट किया। समारोह में भाजपा की एकजुटता और आगामी चुनावों में विजय के प्रति संकल्प का प्रदर्शन हुआ।

# अंबिकापुर के सरगुजा जिले में बीएड धारी शिक्षकों ने शहर में निकाली आक्रोश रैली




ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

सरगुजा। छत्तीसगढ़ में 2023 में नियुक्त हुए बीएडधारी सहायक शिक्षकों की नौकरी पर तलवार लटक रही है। हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद प्रदेश भर में लगभग 3 हजार B.Ed धारी सहायक शिक्षकों को कभी भी नौकरी से निकाला जा सकता है।



दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त 2023 को एक आदेश पारित करते हुए प्राथमिक शाला के लिए D.ED धारियों को योग्य माना है जबकि B.ED धरियों को अपात्र घोषित कर दिया है। कोर्ट के फैसले के बाद छत्तीसगढ़ में लगभग 3 हजार बीएड धारी सहायक शिक्षक सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे है। जिनकी नौकरी कभी भी जा सकती है। वहीं 15 महीने से प्राथमिक शालाओं में अपनी सेवा दे रहे बीएडधारी सहायक शिक्षकों के सामने संकट की स्थिति निर्मित हो गई है। ऐसे में साय सरकार से सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर बीएडधारी सहायक शिक्षकों ने अंबिकापुर से पद यात्रा निकाली है। बीएडधारी सहायक शिक्षकों की पदयात्रा रायपुर में समाप्त होगी। प्राथमिक शालाओं में अपनी सेवा दे रहे B.Ed धारी सहायक शिक्षकों की मांग है कि साय सरकार बीच का रास्ता निकालकर उन्हें समायोजित कर नौकरी को सुरक्षित करें।

## ज़िन्दगी चलना सिखा दे

कहिए मुसाफिर क्या लाये हो,
क्या चंद घड़ियां साथ बिताने आए हो,
जो कभी किसी को अपना समय न दिया हो,
आज समय निकालकर सुकुन पाने आए हो,
कहो मुसाफिर क्या लाये हो,
दूसरों को रूलाकर खुद हंसते थे,
आज वही गम खुद साथ लाए हो,
कहो मुसाफिर क्या लाये हो,
एक दिन भी ठहरा नहीं,
वो आज पूरा समय बिताने आया है,
कहो मुसाफिर क्या लाये हो,
कल तुम्हारे पास था सब कुछ,
आज अकेले ही आये हो,
कहो मुसाफिर क्या लाये हो,
एक सपने के साथ कई सपने देखते
देखते हर सपना पूरा किया,
अब क्या बचा है जो बांटने आये हो,
कहो मुसाफिर क्या लाये हो।..



उमा देवांगन - बालौद

## हैरान कर देती है

जब कभी मायूस हो जाती हूँ मैं,
टूट कर लगभग बिखर जाती हूँ मैं।
उम्मीद का दामन छूटने सा लगता है,
कहीं दूर से धीमी सी आवाज़ देती है तू,
ए ज़िन्दगी हैरान कर देती है तू।
जब उदासी गहन हो जाती है,
आँखों से नींद भी उड़ जाती है।
दिल जोरों से धड़कने लगता है ,
किसी प्यारे का मीठा सा
पैगाम ले आती है तू ,
ए ज़िन्दगी हैरान कर देती है तू ।
जब ये होंठ कंपकपाने लगते हैं,
आँखों से आंसू छलकने लगते हैं,
खुद से भरोसा सा उठने लगता है,
उम्मीद की उजली किरण बन जाती है तू
ए ज़िन्दगी हैरान कर देती है तू ।



सीमा कौशिक मुक्त ,फरीदाबाद, हरियाणा

## ग़ज़ल

बहुआ जब भी निकाली जाएगी,
तब दुआओं से ही टाली जाएगी।
अब ज़रा इन बेटियों की सोचिये,
आबरू कब तक उछाली जाएगी।
कैद घर में ही रहेगी ज़िंदगी,
जब जलाई ये पराली जाएगी।
हार जाएगा वो अपने भाग्य से,
आस जिससे भी न पाली जाएगी।
अब नहीं कोई खरीदेगा दिये,
हर जगह झालर लगा ली जाएगी।
जब विरोधी सामने आ जाएगा,
बात मन की तब दबा ली जाएगी।
आ रही हैं मुश्किलों पर मुश्किलें,
ज़िंदगी कैसे सँभाली जाएगी।
दिल से दिल के तार जुड़ जाएं अगर,
बात कोई तब न खाली जाएगी।



*सोनिया वर्मा रायपुर, छत्तीसगढ़*

## ग़ज़ल

ज़िन्दगी जलाएँ है ज़िन्दगी को पाने में
गम को छोड़ आये है हम शराबख़ाने में।
आजकल वो हमसे ही दूर दूर रहते हैं
ज़िन्दगी खपा दी हमने जिन्हें बनाने में।
यार कब की ये दुनिया जान ले गई होती,
मर्द हैं तो ज़िन्दा हैं अब तलक ज़माने में।
राख ये कहीं फिर से आग तो न बन जाये,
लोग कुछ लगे हैं फिर राख को जलाने में।
आज हमसे रूठे हैं तो
हैं देखना इक दिन,
ज़िक्र मेरा आएगा
उनके हर फ़साने में।



हेमंत कुमार 'अगम'
भाटापारा, छत्तीसगढ़

## अम्मा ने समझाया (बालगीत)

जाड़े का मौसम आया तो, अम्मा ने समझाया,
सूरज बेटा ठंड़ बड़ी है, शीतकाल गहराया।
देर रात तक नहीं घूमना, साँझ ढले घर आना,
तापमान बढ़ते तक सोना, काम न जल्दी जाना।
थर्मल कपड़े, दस्तानों से, ढ़कना अपनी काया,
जाड़े का मौसम आया तो, अम्मा ने समझाया।
मफलर, मोजा, कनटोप नहीं, ओढ़ा नहीं दुशाला,
खुला बदन ही घूम-घूमकर, दिखता अब तू काला,
गोरा-चिट्ठा, मुन्ना मेरा, कैसा हाल बनाया,
जाड़े का मौसम आया तो, अम्मा ने समझाया।
कुछ दिन की छुट्टी लेकर, घर पर ही तू रहना,
बैठ पास चूल्हे के दिनभर, इस जाड़े को सहना।
सुनकर बातें सूरज ने झट, माँ को गले लगाया,
जाड़े का मौसम आया तो, अम्मा ने समझाया।
परहित सेवा काज किए बिन, चैन नहीं है पड़ता,
एक जगह जो बैठा रहता, उसको आती जड़ता।
सूरज बोला माता मेरी, मुझ पर तेरा साया,
जाड़े का मौसम आया तो, अम्मा ने समझाया।

कन्हैया साहू अमित
भाटापारा,छत्तीसगढ़



## सीख दोहे

कठिन डगर है जिंदगी,
करना चलकर पार।
कभी किसी की जीत है,
कभी किसी की हार।।
जीवन की सदा रीत है,
मिले हार के जीत ।
आगे बढ़ने की होड़ में सदा निभाना प्रीत।।
जीवन एक संघर्ष है,चलकर निखरो पार।
विषम दशा हँसते रहा, गले उसी के हार।।
जीवन के दिन चार हैं, हिल मिल सबसे काट।
कड़ुवाहट को छोड़कर, मधुर बैन दो बाँट।
कठिन मार्ग दुभर लगे, अपने हो न साथ।
सारी बाधा छँटे जब, हो अपनों का हाथ।
हिम्मत कभी न हारिए, बढ़ते चलिए राह।
मंजिल साथ साथ चले, जंग बने जब चाह।
राह मिले आँसू भरी, मिले जीत उस पार।
वीर बना निखरा वही, जीवन सरल विचार।
जीवन लगे बड़ा सरल, हँसी खुशी की रीत।
जीवन बने कठिन डगर, मिले न कोई मीत।।
कठिन डगर राही चले, करे सदा उपकार।
मान सम्मान प्रेम भरो, पहन फूल का हार ।
अपमान सहना न पड़े , करें नेक जो काज।
कठिन डगर है जिंदगी, चल पहनें सिर ताज।।



डॉ. सीमा अवस्थी 'मिनी'भाटापारा, छत्तीसगढ़

## शिल्पकार

अभी अभी,
जो माटी का लोंदा था,
अभी अभी,
जिससे गढ़ी जा रही है प्रतिमाएं,
किसी देव की,
या देवी की,
किसी महापुरुष की,
या यूं ही,
किसी स्वर्गस्थ की पुण्य स्मृति में,
उसके किसी परिजन द्वारा,
सभी बनती है,
सुन्दर,
आकर्षक,
ठहरकर देखते ही रहो,
इतनी मनमोहक।
शिल्पकार भी,
किसी शिल्पकार की तलाश में है,
जो उसके
खंडित और,
रंग उतर चुके जीवन को,
एक आकार दे,
स्याह हो चुके रंग,
उसी रंग में दिखे,
जब वे लगे थे।



राजेन्द्र ओझा
कुशालपुर, रायपुर

## सुनो पलाश लगाना (लघुकथा)

' दिनेश भाई ! आफिस के बरामदे में एक पौधा लगाना है, जरा कुदाल फावड़ा ले आना'। आकाश ने आफिस के कर्मचारी दिनेश से कहा। दिनेश तीन चार बरस से आकाश सर को जानता था। एक सुलझा हुआ व्यक्ति त्व था, आकाश का लेकिन कुछ दिनों से परेशान था। दिनेश ने चाहा भी कि सर जी से बात करे लेकिन आकाश आफिसर और दिनेश एक कर्मचारी ।

दिनेश आफिस में आकर बोला,

'सर जी गड्ढा खोदकर तैयार हैं, आप बताओ कौन सा पौधा लगाना है, मैं लगा दूँ।' आकाश जैसे अपने आप से बातें कर रहा हो ...' पलाश लगाना'

दिनेश ने दुबारा आवाज दी ... 'आकाश सर जी! पलाश ' ...?आकाश जैसे अतीत से बाहर आया और थोडा सा दृढ आवाज में दिनेश से कहा, 'तुम आफिस ठीक कर दो बहुत उलझ गया है मैं पौधा लगा कर आता हूँ।' आकाश हड़बडी में उठा तो एक सुंदर सी पेन टेबल के नीचे गिर गयी। दिनेश का ध्यान उधर गया लेकिन आकाश को उलझनों से घिरा देख कर टोंका नहीं। आकाश बगीचे के उस गड्ढे में कुछ रख कर दबा रहा था और मौन.. जैसे अपनी यादों को छुपा कर रख दिया हो। कुछ सोचते हुए बहुत शांत वहीं बैठा रहा ..! उसे दिनेश के आने की आहट भी नहीं मिली। 'आकाश सर! लग गया पौधा '? उस खाली जगह को देखते हुए कहा। आकाश मौन ...!. दिनेश फिर बोला ..'सर जी! वो दफन हुए वो फूल थे खुशबू ये रही ' इतना कह कर आकाश के हाथ में धरा की पेन पकड़ा दी। आकाश को लगा के वो फिर असफल रहा। धरा से जुदाई अभी नहीं लिखी .... चुपचाप पेन पर निगाह थी।दिनेश ने पेन उठाई और आकाश के कोट में लगा कर बोला 'आकाश सर! अब लगा दिया पलाश ... ' और आकाश को लगा कि जंगल की आग का एक जलता हुआ फूल पलाश उसके जेब में रखा है, हृदय के करीब ... बहुत करीब ...!

- सुमन गोपाल दुबे
स्वामिनी
हिंगोली, महाराष्ट्र



## असली पूजा (लघुकथा)

पूजा की पूरी तैयारी हो चुकी थी, दिनेश पंडित जी को लेने उनके घर पहुंचा, तभी उसे एक इमर्जेंसी काल आई और वह पंडित जी को कार में बैठाकर घर भेज दिया।

पंडित जी को अकेले ही आया देखकर पापा दिनेश पर बहुत नाराज होकर बड़बड़ाने लगे।

कुछ देर दिनेश की राह देखने के बाद पूजा शुरू हो गयी। समाप्ति के बाद जब उन्होंने मोबाइल देखा, तो दिनेश का एक मैसेज था, पापा नेटवर्क प्राब्लम के कारण फोन नहीं लग रहा है, मैं सिटी हास्पिटल में हूं, राजन काका के बेटे को तुरंत ब्लड की आवश्यकता थी मेरा भी वही ग्रुप है, तो मैं यहां चला आया। आप पूजा कर लेना। दिनेश का मैसेज पढ़कर पापा की आँखें नम हो गयी उनके ओंठ बुदबुदा रहे थे बेटा असली पूजा तो तूने की है मानवता की।



प्रीति मिश्रा,
रायपुर, छत्तीसगढ़

## क्रिसमस एवं नूतन वर्ष
की समस्त जिले एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई...

प्रिंसिपल-सिस्टर शांता जोसेफ
होलीक्रास वूमेंस कालेज एवं समस्त स्टाफगण एमजी रोड अंबिकापुर

## क्रिसमस एवं नूतन वर्ष
की समस्त जिले एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई...

अधीक्षिका सिस्टर- ममता टोप्पो
होली क्रास हास्पिटल
सरगुजा संभाग का एक मात्र विश्वसनीय सेवा संस्थान अंबिकापुर

## क्रिसमस एवं नूतन वर्ष
की समस्त जिले एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई...

होलीक्रास कालेज ऑफ नर्सिंग
एवं समस्त स्टाफ गण अंबिकापुर सरगुजा

## क्रिसमस एवं नूतन वर्ष
की समस्त जिले एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई...

राजेश लकडा
अधीक्षण अभियंता
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल अंबिकापुर

## क्रिसमस एवं नूतन वर्ष
की समस्त जिले एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई...



प्रबोध मिंज
लून्ड्रा विधायक
भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़

## क्रिसमस एवं नूतन वर्ष
की समस्त जिले एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई...

थोबियस टोप्पो
कार्यपालन अभियंता
छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड



## क्रिसमस एवं नूतन वर्ष
की समस्त जिले एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई...

राम कुमार टोप्पो
विधायक सीतापुर

# सरगुजा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, शादी समारोह के गैंग को गिरफ्तार किया उसमें कुछ महिलायें भी शामिल

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला





**सरगुजा** – शादी समारोह में पहुंच कर उठाईगिरी करने वाले अंतरराज्य गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार करने में सरगुजा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है,उठाई गिरी करने वाले सभी आरोपी शाशी गैंग के सदस्य है,आरोपियों में 3 महिला और दो पुरुष है जिन्हे सरगुजा पुलिस ने मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बॉडर से गिरफ्तार कर अंबिकापुर लेकर पहुंची है,जहां आरोपियों से पूछताछ की जा रही है,, दरअसल 3 दिसम्बर को अंबिकापुर के मणिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले एक शादी घर में चल रहे हैं शादी समारोह में पहुंचकर उठाई गिरी करने वाले शाशी गैंग के पांच सदस्य कार में सवार होकर शादी समारोह में पहुचे थे, विवाह समारोह में वर वधु को मिले लिफाफे को परिजनों के द्वारा बैग में रखा गया था, जिस किसी अज्ञात महिला के द्वारा पार कर दिया गया था,बैग में लिफाफे में रखे 1 लाख 40 हजार रु चोरी होने के बाद इसकी सूचना मणिपुर पुलिस को दी गई इधर सूचना के बाद मौके पर पहुंची मणिपुर पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई कमरे में एक महिला बैग लेकर भगति नजर आई इसके बाद सरगुजा पुलिस साइबर सेल की मदद से आरोपियों की पता तलाश में जुड़ गई, इसी बीच पुलिस को पता चला कि शहर में घूम कर उठाईगिरी करने वाले आरोपी मध्यप्रदेश के शाशी गिरोह के सदस्य है,इसके बाद सरगुजा पुलिस साइबर सेल की मदद से आरोपियों की पता चला शुरू की गई साइबर सेल के अथक प्रयास के बाद आरोपियों को सरगुजा पुलिस ने मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बॉर्डर से गिरफ्तार कर



अंबिकापुर लेकर पहुंची है, पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5हजार रु नगदी समेत एक स्वीफ्ट कार जप्त किया है, इधर पुलिस ने बताया कि आरोपियों के द्वारा पहले शहर में घूम कर रेकी की जाती है शहर में भीड़भाड़ दिखने वाले स्थान जैसे मीना बाजार, शॉपिंग मॉल, शादी घर, हॉटल एवं लॉज सहित अन्य स्थानो पर जाकर सोने चांदी के जेवरातो सहित नगदी रकम की उठाई गिरी की वारदात को अंजाम देकर तेजी से कर में सवार होकर मौके से फरार हो जाते थे,अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के पांचो आरोपियों को सरगुजा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, पकड़े गए पांचों आरोपी मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिला के रहने वाले हैं, इधर सरगुजा पुलिस मध्य प्रदेश सहित छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के थानों में आप के खिलाफ दर्ज मामले की जांच कर रही है, जिससे पुलिस को पता चल सके कि आरोपियों के द्वारा और कितनी जगह उठाई गिरी की वारदात को अंजाम दिया गया है,,

# सरगुजा एग्रीकल्चर कॉलेज के छात्र ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

सरगुजा। जिले के राजमोहिनी देवी एग्रीकल्चर कालेज में पढ़ने वाले सेकंड ईयर के छात्र ने आत्महत्या कर ली है. छात्र को अंबिकापुर मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही छात्र ने दम तोड़ दिया था. अभी तक युवक ने ऐसा कदम क्यों उठाया, यह स्पष्ट नहीं है. पुलिस केस दर्ज कर घटना की जांच में जुट गई है.






हॉस्टल में छात्र ने किया आत्महत्या ॰ अंबिकापुर शहर से लगे ग्राम अजिरमा में राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय संचालित है. मुंगेली जिले के छात्र यहां के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता था. शनिवार को जब उसके दोस्त उससे मिलने रूम पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था, जिसके बाद दोस्तों ने खिड़की से झांककर देखा तो विवेक ने आत्महत्या कर लिया था. सभी दोस्तों ने आनन फानन में दरवाजा तोड़ा और उसे अंबिकापुर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया. हमें सूचना मिली कि कृषि महाविद्यालय के हॉस्टल में एक छात्र ने आत्महत्या कर लिया है. उसे आनन फानन में जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. उसके कमरे को लॉक कर दिया गया है. एफएसएल टीम को बुलाया जा रहा है. मृतक के परिजनों की मौजूदगी में एफएसएल की टीम तलाशी लेगी.

जांच के बाद ही आत्महत्या की वजह साफ होगी॰ अमोलक सिंह ढिल्लों, एएसपी, सरगुजाकेस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस ॰ मृतक छात्र मुंगेली जिले का रहने वाला है. घटना की जानकारी छात्र के परिजनों को भी दे दी गई है. गांधीनगर पुलिस केस दर्ज कर इस पूरे मामले की जांच कर रही है. छात्र ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया, इस बात का पता नहीं चल सका है. हालांकि, पुलिस मृतक छात्र के परिजनों के आने के बाद उसके कमरे की बारीकी से जांच करेगी.

# भाटापारा के अग्निवीर में चयनित युवाओं का शिवरतन शर्मा ने किया सम्मान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा। छत्तीसगढ़ भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने मंगलवार को भाटापारा विकासखंड से चयनित दो युवक (यश साहू एवं हर्ष साहू) अग्निवीरों का भारत माता सैनिक एकेडमी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सम्मान किया..**





रावणभाठा मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में शिवरतन शर्मा द्वारा माला,शाल,श्रीफल प्रदान किया और उनका उत्साह वर्धन किया। युवा अग्निवीर सम्मान पाकर जोश से भर गए और भारत माता की जय के जयकारे लगाए।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि अग्निवीर के चयनित युवा देश-सेवा को लक्ष्य बनाकर आगे आए हैं। उन्होंने अग्निवीर योजना की सराहना करते हुए कहा कि चयनित अभ्यर्थियों को सेना में कार्य करने का अवसर मिलेगा। साथ बाकि जब अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद श्रेष्ठ नागरिक बनकर लौटेंगे। समाज में उनका सम्मान होगा। जिनके पास कठिन परिश्रम एवं अनुशासित जीवनशैली की सीख रहेगी। उनके हाथों में हुनर भी रहेगा। साथ ही देश के प्रति उन्होंने जो अपना समय समर्पित किया है उसका अभिमान भी मन में रहेगा। जिससे वे अच्छे अधिकारी बनेगें, अच्छे जनप्रतिनिधि बनेंगे, जीवन की नई शुरूआत करेंगे। उनका जीवन अलग और अनुशासित रहेगा। ऐसे अग्निवीर जो समाज और अपने जैसे अन्य युवाओं के लिए आदर्श रहेंगे। शिवरतन शर्मा ने चयनित युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि लक्ष्यों को केन्द्रित करके सहज और निश्चिंतता के साथ कार्य करेंगे और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे।

शिवरतन शर्मा ने आगे रावण भाठा मैदान के विषय मे बताते हुए कहा की इस मैदान को सुरक्षित रखने के लिए उन्होंने हर सम्भव प्रयास किया जिस कारण यहा मैदान आज क्षेत्र के युवाओं के खेल एवं भर्ती अभ्यास से संबंधित सभी चीजों के काम आ रहा है, इस मैदान में बन रहे जिम का भी उन्होंने उल्लेख किया और एक नवीन हाल निर्माण की भी घोषणा की साथ ही कहा कि आने वाले समय मे मैदान या अन्य किसी भी खेल सामग्री,अभ्यास सामग्री की आवश्यकता युवाओं को होगी उसमें यथासंभव सहयोग करेंगे..

इस कार्यक्रम राकेश तिवारी, सुनील यदु, विवेकानंद निर्मलकर, प्रशांत वर्मा, रविन्द्र शर्मा, धनेश माधवानी, कोमल शर्मा, बजरंग ध्रुव, सुनील तिवारी, शंकर सोनी, अमृत साहू, सरिता ध्रुव, सहित बड़ी संख्या के मैदान में अभ्यास करने वाले युवा उपस्थित थे..

### बस्तर ओलंपिक का आयोजन केवल खेल नहीं, बल्कि बस्तर की संस्कृति, उत्साह, और प्रतिभा का उत्सवः मुख्यमंत्री

# विकास की यशोगाथा बनेगा बस्तर ओलंपिक : अमित शाह

**रायपुर।** केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने बस्तर जिले के जगदलपुर में आयोजित बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक आने वाले दिनों में बस्तर के विकास की यशोगाथा बनेगा और शांति, सुरक्षा, विकास और नई उम्मीद की नींव डालने का काम करेगा।





उन्होंने कहा कि हम देश से नक्सलवाद को पूर्ण रूप से 31 मार्च 2026 तक समाप्त करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर से नक्सलवाद समाप्त होने पर यहां कश्मीर से ज्यादा पर्यटक आएंगे। मां दंतेश्वरी की कृपा से बस्तर को प्रकृति के अनुपम सौंदर्य का वरदान मिला है। हम यहां पर पर्यटन को आगे बढ़ाएंगे। हम यहां पर छोटे-छोटे उद्योगों को आगे बढ़ाकर रोजगार के अवसरों का सृजन करेंगे। उन्होंने बस्तर के युवाओं से कहा कि हार मानने वाला कभी नहीं जीतता। जीतता वह है जो कभी हार नहीं मानता। बस्तर के अंदर अनेक संभावनाएं हैं। यहां जो 3000 बच्चे मेरे सामने बैठे हैं उसमें से कोई बच्चा अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक में गोल्ड मेडल लेकर आएगा तो पूरा भारत इस पर गर्व करेगा।

उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ हमने दोनों मोर्चे पर काम किया है। एक ओर वह नक्सली जो सरेंडर नहीं हुए और जो हिंसा करते थे उनके खिलाफ सुरक्षा बलों को खड़ा करके उनको मार गिराने का काम किया। जो सरेंडर हुए उनको बसाने का काम किया और नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जो विकास से पिछड़ गए थे, उनको विकसित करने का अभियान भी चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों के आशीर्वाद से राज्य में डबल इंजन की सरकार बनी और नक्सलवाद के खिलाफ हमारा अभियान तेज हुआ और नक्सल उन्मूलन की दिशा में हमें लगातार सफलता मिल रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बस्तरवासियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि आप सभी ने पूरे उत्साह के साथ बस्तर ओलंपिक में भाग लेकर इसे ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया है। इस आयोजन में 1 लाख 65 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के लिए प्रबंधन करना एक चुनौती थी, बस्तर संभाग के सातों जिलों की पूरी टीम ने इसे बखूबी पूरा किया, इसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूँ। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि बस्तर ओलम्पिक के माध्यम से हम सभी बस्तर अंचल के युवाओं की ऊर्जा को खेल के माध्यम से एक सकारात्मक दिशा देने में सफल रहे हैं। बस्तर ओलंपिक का यह आयोजन केवल खेल नहीं है, बल्कि बस्तर की संस्कृति, उत्साह, और प्रतिभा का उत्सव है। यह आयोजन एक संदेश देता है कि बस्तर का असली चेहरा इसकी सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सुंदरता है, न कि माओवाद की हिंसा। इस आयोजन के माध्यम से हमने युवाओं को शासन-प्रशासन से जोड़कर विकास के कार्यों में सहभागी बनने की ओर उन्मुख किया है। आज जब लाखों युवा इस ओलंपिक में भाग लेते हैं और अपनी ऊर्जा को खेलों में लगाते हैं, तो यह हमारे लिए एक सुखद संकेत है। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलम्पिक का सफल आयोजन हमें विश्वास दिलाता है कि बस्तर के युवाओं की क्षमता और उनकी शक्ति को अगर सही दिशा में प्रेरित किया जाए, तो विकास और खुशहाली का रास्ता कोई नही रोक सकता है।

# राजमाता अहिल्याबाई होलकर पर लिखित कॉमिक्स का हुआ विमोचन

## यह पुस्तक बच्चों और किशोर वर्ग को करेगी प्रभावित - त्रयंबक शर्मा




**रायपुर।** पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जन्म जयंती समारोह समिति, छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में शहर के पंडरी स्थित जागृति मंडल में पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित प्रेरक प्रसंग पर कॉमिक्स पुस्तक का विमोचन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा ने माता अहिल्याबाई होलकर के समग्र विकास के लिए किए गए कार्य के बारे में विस्तार से बताया।उन्होने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर महादेव की भक्त थी और सिंहासन पर शिवलिंग रख कर शासन किया तथा हिन्दुओं के धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार किया।

राजमाता के सैन्य व्यवस्था, काशी विश्वनाथ जैसे तमाम मंदिरों के जीर्णोद्धार से धार्मिक कार्य, पर्यावरण कार्य को विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि इसे अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है।

मंचासीन अतिथि और अन्य प्रबुद्ध वर्ग ने मिलकर पुस्तक का विमोचन किया। इसके पश्चात कॉमिक्स के लेखक और संपादक राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कार्टूनिस्ट त्रयंबक शर्मा ने पुस्तक के विषय में बताया। उन्होंने बताया कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन के प्रेरक प्रसंगों को बाल और किशोर वर्ग को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। त्रयंबक शर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महान राजमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन को कम पृष्ठों में तैयार करना अपने आप में एक चुनौती पूर्ण कार्य रहा परंतु उचित शोध और मार्गदर्शक मंडल के सहयोग से संपन्न हो पाया। यह सिलसिला जारी रहेगा।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रचारक अभय राम मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन समिति सदस्य मनीष कश्यप ने, अतिथि परिचय हेमंत सैनी तथा आभार प्रकटीकरण शुभम अग्रवाल ने किया।

मौके पर शहर के प्रबुद्ध वर्ग सहित मीडिया जगत के लोग उपस्थित थे।

### सरगुजा पुलिस को मिली बडी सफलता

# अंतर्राज्यीय डीजल चोर गिरोह को पकड़ने में मिली सफलता




ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा।** सरगुजा पुलिस ने खड़ी ट्रक से डीजल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय लोनी गिरोह को पकड़ने में सफलता मिली हैं। गिरोह के 05 सदस्यों को उमरिया मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया गया हैं। दरसअल सरगुजा जिले में खड़ी ट्रक से डीजल चोरी करने का मामला लगातार सामने आ रहा था। इस दौरान प्रार्थी शिवकुमार यादव द्वारा 18/12/24 को थाना मणीपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी पेशे से ड्राइवर हैं ट्रक क्र. सीजी/15/ईसी/ 5694 का चालक है की घटना दिनांक 13/12/24 को प्रार्थी बभनी में गाड़ी का फुल टंकी डीजल डलवाकर रायपुर के लिए निकला था जो कि सांडबार बेरीयर के पास रात में गाड़ी लगाकर सो गया था, जो सुबह लगभग 4 बजे आस पास उठा तो देखा कि गाड़ी की तेल टंकी का लाक टूटा हुआ है। प्रार्थी जब टंकी को चेक किया तो टंकी से 300 लीटर डीजल गायब मिला। जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, मामले में प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना मणीपुर मे अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 385/24 धारा 303 (2) बी.एन.एस. का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के सीसीटीवी फूटेज का अवलोकन करने पर घटनास्थल के आस पास एक संदिग्ध स्कार्पियो वाहन का होना पाया गया। उक्त संदिग्ध स्कार्पियो वाहन के सम्बन्ध में जाने का रूट एवं अन्य जानकारी प्राप्त कर तकनिकी सहायता के माध्यम से मामले के आरोपियों की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। मामले में अग्रिम कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम को आरोपियों के धरपकड़ के लिए कोतमा मध्यप्रदेश रवाना किया गया था। इधर सरगुजा पुलिस ने संदेहियों को पकड़कर पूछताछ किया गया तो अपना जुर्म कबूल किया है। अरोपियो के पास से चोरी का 60 लीटर डीजल एवं नगदी 5000 रुपए, घटना में प्रयुक्त एक स्कॉर्पियो वाहन सहित 4 मोबाईल कुल कीमत लगभग 16 लाख रुपए का जप्त किया गया हैं। वही 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया हैं।

# जिला प्रशासन एवं स्पोर्ट्स एसोशिएशन के संयुक्त तत्वावधान में होगी जिलास्तरीय कब्बड्डी प्रतियोगिता

## बैडमिंटन एवं वालीबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन बलौदाबाजार भाटापारा एवं स्पोर्ट्स एसोशिएशन बलौदाबाजार के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 14 एवं 15 जनवरी को जिला स्तरीय कब्बड्डी, बैडमिंटन एवं वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसकी प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस सिलसिले में श्री सोनी ने संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए है।जिला कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार सभी विकासखण्डों में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 01 से 07 जनवरी, 2025 के मध्य कराया जाएगा। साथ ही चयनित टीम उक्त प्रतियोगिता में प्रवेश लेंगे। प्रवेश की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2025 होगी। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता निम्नलिखित स्तरो पर आयोजित की जावेगी जिसमें वालीबॉल में कैटगरी अंडर 19 BS, 19 GS, ओपन BS & ओपन त्रस टीम सूची 12 जनवरी 2025 मैच डेट 15 जनवरी (19 BS, 19 GS),मैच डेट 16 जनवरी (19 BS, 19 GS) सम्पर्क सूत्र बीपी बाघमार 7067778585 आलोक मिश्रा 9009369007, वीरेंद पटेल 9926153855 से कर सकते है। इसी तरह जिलास्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता अंडर बॉयस 13,अंडर बॉयस 15, अंडर 17 त्रस खिलाड़ियों की सूची प्रकाशन 12 जनवरी मैच डेट 15 जनवरी (13 BS, 15 BS) एवं 16 जनवरी (17 संपर्क सूत्र अमित कुमार अग्रवाल 9826625258, बलराम साहू 9754120053 सागर सक्सेना 9111121965 में कर सकते हैं। जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता कैटगरी अंडर 19 BS, 19 त्रस, खुला BS & खुला GS प्रतिभागी सूची जारी 12 जनवरी 2025, मैच डेट 15 जनवरी (19 BS, 19 GS), मैच 16 जनवरी स, 19 GS) संपर्क सूत्र शिव कुमार बांधे 99261- 70385,संतोष ध्रुव से सम्पर्क कर सकते है। पुरस्कार वितरण 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मुख्य मंच समारोह में वितरण किया जाएगा। खेलों के पंजीयन सम्बन्धित क्यूं आर कोड जल्द ही अलग से जारी किया जाएगा।

# गुरु घासीदास जी की मनाई गई जयंती

## भाजपा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने शोभा यात्रा का किया स्वागत

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। गुरु घासीदास जयंती की संध्या पर प्रगतिशील सतनामी समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने किया स्वागत । शोभायात्रा में जैतखाम और बाबा का छाया चित्र रथ पर सजाया गया था जिसमें शिवरतन शर्मा ने फूल नारियल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया।





शिवरतन शर्मा ने समाज प्रमुखों युवाओं बड़े बुजुर्गों, माता बहनों सभी से मुलाकात कर गुरु घासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि गुरु घासीदास के विचार आज सबसे अधिक प्रासंगिक हैं उनके गुरु मंत्र मनखे मनखे एक समान समाज में हर मनुष्य की समानता का संदेश देता है। गुरू घासीदास की जयंती के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी 18 दिसंबर को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सतनामी समाज ने मिनीमाता भवन से शोभा यात्रा की शुरूआत ही। जो नगर का भ्रमण करते हुए वापस मिनीमाता भवन पहुंचे। शोभायात्रा में बैंड बाजे के साथ धुमाल व डीजे में जमकर थिरके युवा-झूम झूम के नाचो गाओ पंथींज. सन्ना ना नन्ना मोर लगनाज जैसे अनेकों पंथी गीतों में बैंजो धुमाल की धुनों के साथ डीजे में बजते गीतों पर गोल घेरा बनाए महिलाएं सामूहिक नृत्य कर रही थी वही बच्चों और युवाओ की टोलियां पूरे उमंगों में नृत्य बौछार कर रहे थे..उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशिष जायसवाल, मनिन्दर गुम्बर, राजा कामनानी, नंद किशोर अग्रवाल, धनेश माधवानी, मनीष मिश्रा, सुखदेव यदु, सतीश साहू, दिलीप यादव, राजेश छाबड़िया, राजू पटेल,पीताम्बर साहू, अश्वनी चंद्राकर, कल्लू सचदेव, हेमंत यादव,भुवन ठाकुर, संजय शुक्ला, जितेंद्र क्षत्री, चेतन वर्मा,आयशा खान, मधु सोनी, नीरा साहू, सूर्यकांत योगी, मुकेश साहू, , नारायण साहू,, पीयूष साहू, सलीम खान, हारून, लखन साहू, सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

सरगुजा के NSUI के पदाधिकारियों ने भाजपा शासन का एक वर्ष पूर्ण होने पर

# अंबिकापुर के घड़ी चौक पर काले गुब्बारे छोड़कर विरोध प्रदर्शन किया

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

सरगुजा। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के कार्यकाल को 1 वर्ष का समय पूरा हो चुका है बीते दिन भाजपा के द्वारा छत्तीसगढ़ की प्रत्येक जिलों में अपने 1 साल की उपलब्धियां को जनता तक पहुंचा था, वही आज अंबिकापुर में एनएसयूआई के द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार की 1 वर्ष के कार्यकाल को सफल बताते हुए प्रदर्शन कर काले गुब्बारे छोड़कर विरोध जताया है।






घड़ी चौक पर एनएसयूआई कार्यकर्ता व पदाधिकारीयो के द्वारा प्रदेश की साय सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर पोस्ट दिखाकर और कल गुब्बारे छोड़कर विरोध जताया है, एनएसयूआई के पदाधिकारी ने बताया की इस 1 वर्ष में छत्तीसगढ़ की सरकार ने छात्रों और मजदूरों के साथ बड़े-बड़े वादे किए गए थे मगर एक वर्ष बाद भी स्थिति इससे विपरीत नजर आ रही है छत्तीसगढ़ सरकार ने संचार क्रांति के तहत छात्रों को टैबलेट और लैपटॉप देने की बात कही गई थी और किसानों को एक मुस्त 31सौ रु धान की खरीदी करने का वादा किया गया था साथ ही महिलाओं को 500रु में गैस सिलेंडर देने का वादा सरकार ने किया था जो अब तक सरकार होता नजर नहीं आ रहा है छत्तीसगढ़ में केवल हत्या,बलात्कार,चोरी और अपराध बढ़ते नजर आने की बात कही है वही सारे मामलों में छत्तीसगढ़ सरकार को एनएसयूआई सरगुजा के पदाधिकारी ने फेल बताया है, जिसको लेकर एनएसयूआई सरगुजा के पदाधिकारी ने सरकार के द्वारा किए जा रहे विपरीत कामों का पोस्टर दिखाकर और कल गुब्बारा छोड़कर विरोध जताया है।

# शिवरतन शर्मा के प्रयासों से राष्ट्रीय राजमार्ग में सर्विस रोड बनाने की मिली स्वीकृति

## शिवरतन शर्मा के प्रयासों से 08 करोड़ की मिली स्वीकृति

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** बिलासपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में भाटापारा-लिमतरा मार्ग के लिए दोनों ओर सर्विस मार्ग की स्वीकृति उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के प्रयासों से लगभग 08 करोड़ की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने प्रदान कर दी है। यह सफलता शिवरतन शर्मा के पूर्व में किए गए प्रयासों एवं कुछ दिन पहले दिल्ली प्रवास पर पुन: किये गए प्रयासों का परिणाम है। शिवरतन शर्मा ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर भाटापारा-लिमतरा मार्ग के दोनों ओर राष्ट्रीय राजमार्ग से सर्विस रोड बनाकर जोड़ने का आग्रह किया था। । शिवरतन शर्मा ने उक्त स्वीकृति पर दुरभाष चर्चा में बताया कि दोनों ओर इस सर्विस रोड के निर्माण से क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर है। इससे आवागमन सुगम होगा, समय की बचत होगी साथ ही क्षेत्र के औद्योगिक और व्यवसायिक विकास में सहायता मिलेगी। शिवरतन शर्मा ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल का आभार जताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देकर सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करेगी। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तबसे अब तक भाटापारा विधानसभा को इस डबल इंजन की सरकार से मेरे आग्रह को स्वीकार करते हुए लगातार केंद्र और राज्य दोनों सरकारों द्वारा करोड़ो के विकास कार्यो की हर क्षेत्र में स्वीकृति मिल रही है. उक्त स्वीकृति के लिए राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशिष जायसवाल, मानिन्दर गुम्बर, योगेश अंनत,मोहन बांधे, सतीश साहू, कुंजराम कोशले, आशीष पुरोहित, अंकित बाजपेयी,प्रवेश मिश्रा, गोपाल देवांगन, अजित निषाद, संजय शुक्ला, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने शिवरतन शर्मा के द्वारा करवाये जा रहे विकासपरक कार्यो के लिए आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# किसान समृद्ध होगा तो ही देश भी समृद्धि की राह पर चलेगा-शिवरतन शर्मा

## विकसित भारत बनाने में किसानों का योगदान महत्वपूर्णः शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा**-उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि विकसित भारत बनाने में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान है। खेती-किसानी को आधुनिक बनाने के साथ ही किसानों की आमदनी बढ़ाना हमारी भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से धान की खेती के साथ-साथ आमदनी बढ़ाने के लिए मत्स्य पालन, पशुपालन एवं उद्यानिकी फसलों के उत्पादन से जुड़ने का आह्वान किया। शिवरतन शर्मा भाटापारा विधानसभा के ग्राम तरेंगा में आयोजित किसान सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

शिवरतन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि कृषि और सहकारिता से ही भारत के उज्जवल भविष्य का निर्माण होगा। किसान समृद्ध होगा तो ही देश भी समृद्धि की राह पर चलेगा। हमारी इसी सोंच को आगे बढ़ाते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने बजट में खेती किसानी को सबसे आगे रखा है।उनके बजट में गरीब अन्नदाता के जीवन में खुशी लाने ईमानदारी से प्रयास किया गया है।आज उन्ही की प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना को भी किसानों के सुरक्षित भविष्य के लिए एक क्रांतिकारी योजना के रूप में देखा जा रहा है। निश्चित ही अब खेती किसानी के दिन बदलें और देश की खुशहाली का मार्ग खेतों की मेढ़ों से होकर गुजर रहा है।




शिवरतन शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनते ही वर्ष 2023 में पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन पर हमने 13 लाख किसानों को धान के बकाये बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए अंतरित कर दीया था। हमने अपने वादे के अनुरूप 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान का मूल्य दिया और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की। पिछले साल 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और राज्य सरकार द्वारा घोषित उपार्जन मूल्य तथा दो साल का बकाया बोनस के माध्यम से किसानों के खाते में लगभग 49 हजार करोड़ रुपए अंतरित किये हैं.. शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि अन्नदाता किसानों की सेवा के लिए हम संकल्पित है। यही वजह है कि उनकी खेती-किसानी का लागत मूल्य कम करने के लिए हमारी डबल इंजन की सरकार निरंतर नई-नई योजनाएं लेकर आ रहे है। हमारी भाजपा सरकार द्वारा दिया जा रहा धान पर बोनस भी अन्नदाताओं के परिश्रम का ही सम्मान है।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री जी स्वयं कृषक हैं इसलिए छत्तीसगढ़ में कृषि के क्षेत्र में निरंतर उन्नति हो रही है। छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं के कारण वर्तमान में धान की खेती फायदे का सौदा है और फसल चक्र अपनाकर उद्यानिकी फसलों को शामिल कर कृषकों को आय बढ़ाने का पुनः सुझाव दिया।

किसान सम्मान समारोह कार्यक्रम के साथ ही शिवरतन शर्मा ने ग्राम तरेंगा में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में बने अतिरिक्त कक्ष, हाई स्कूल आहाता, साहू पारा में बने रंगमंच, सेगरी केशन का लोकार्पण एवं चक्रधारी समाज भवन में बनने वाले आहाता निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया...साथ ही मितानिनों,बिहान योजना में कार्य रत लोगो एवं स्वच्छता प्रभारी बहनों का भी बहनों का भी सम्मान किया..

उक्त अवसर पर सुनील यदु, डब्लू सिंह,सतीश सोनी,पवन वर्मा, डिगेश्वर साहू, फागु ध्रुव, रेखा राम वर्मा, जयंत लाल चेलक, धनेश साहू,देवचरन, जलेश्वर यदु, टेकराम साहू, मनहरण साहू, आनंद देवांगन, हरिचरण यदु , छन्नू साहू, नीलकंठ, दशरथ,परमेश्वर, वीरेंद्र, भीखू सहित बडी संख्या में कृषक सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे.

# शांति पूर्ण तरीके से नगरीय निकायों के वार्डो का आरक्षण लॉटरी प्रक्रिया से पूर्ण

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन बलौदाबाजार भाटापारा दीपक सोनी की अध्यक्षता में नगरीय निकायों के वार्डो की आरक्षण प्रकिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। जिसके अनुसार नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार वार्ड क्र.1 अनुसूचित जाति महिला,2 अनुसूचित जनजाति,3 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला,4अनारक्षित महिला,5 अनारक्षित,6 अनारक्षित,7 अनसूचित जाति,8 अन्य पिछड़ा वर्ग,9 अन्य पिछड़ा वर्ग,10 अनुसूचित जाति,11 अनुसूचित जाति,12अनारक्षित,13 अनारक्षित,14 अनारक्षित,15 अनारक्षित महिला,16 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 17 अनारक्षित,18 अनारक्षित 19,अनारक्षित महिला 20, अनारक्षित महिला,21 अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। नगर पालिका परिषद भाटापारा वार्ड 1 अनारक्षित,2 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला,3 अनारक्षित महिला,4 अनारक्षित महिला,5 अनारक्षित महिला,6अनुसूचित जाति,7,8, 9, 10,अनारक्षित 11, 14,15,अन्य पिछड़ा वर्ग,12,13 अनारक्षित,16अनुसूचित जाति महिला,17 अन्य पिछड़ा वर्ग,18 अनुसूचित जनजाति,19 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला,20 अनुसूचित जाति,21अनुसूचित जनजाति महिला,22अन्य पिछड़ा वर्ग, 23अनारक्षित, 24अनुसूचित जाति, 25अनुसूचित जाति,26अनारक्षित,27 अनारक्षित, 28अनारक्षित महिला, 29अनुसूचित जाति महिला,30 अनारक्षित,31 अनारक्षित महिला शामिल है। नगर पालिका परिषद सिमगा वार्ड क्रमांक 1,2,3,4,5 अनारक्षित,6,12 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला,7,8,9 अनारक्षित महिला,10 अनुसूचित जाति,11,13,14,15 अन्य पिछड़ा वर्ग शामिल है। नगर पंचायत लवन वार्ड क्रमांक 1,2,4,7,8 अनारक्षित,3,6,13 अनुसूचित जाति, 9अन्य पिछड़ा वर्ग, 10,12 अनारक्षित महिला, 11अन्य पिछड़ा वर्ग महिला,14, 15अनुसूचित जाति महिला, नगर पंचायत कसडोल वार्ड क्रमांक 1,अनुसूचित जाति,2,10,15 अनारक्षित महिला,3,8,9,12,14 अनारक्षित,4,7,11 अन्य पिछड़ा वर्ग, 13अनुसूचित जाति महिला,6 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला,5 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है।



इसी तरह नगर पंचायत टुंडरा वार्ड 1,2 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 4अनारक्षित महिला, 3,5अनारक्षित, 6अनुसूचित जाति, 7अनारक्षित महिला, 8अनुसचित जाति महिला, 9,10,11, 13,अनारक्षित, 12,14,15अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है।

नगर पंचायत पलारी के लिए वार्ड क्रमांक 1,6,9,14,15 अनारक्षित,2,5,10, अन्य पिछड़ा वर्ग, 4,11,12 अनारक्षित महिला,3अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 7अनुसूचित जाति, 8 अनुसूचित जाति महिला,13 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित किया गया है।

नगर पंचायत रोहासी वार्ड क्रमांक 1 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 2,7,9,13,14, अनारक्षित, 5,8,12 अन्य पिछड़ा वर्ग,3,4,6, अनारक्षित महिला, 10अनुसूचित जाति, 11अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित है। इस मौके पर अपर कलेक्टर दीप्ति गौते,अभिषेक गुप्ता,सभी आरो,एआरओ,सीएमओ सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बालको कर्मचारियों ने दिव्य ज्योति स्कूल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

**बालकोनगर** । वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने दिव्य ज्योति स्कूल में बच्चों के साथ अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाया। स्कूल में माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन जागरूकता को बढ़ावा देने और किशोरों को शिक्षित करने के लिए विभिन्न पहल का आयोजन किया गया। कंपनी के समावेशिता और सशक्तिकरण दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के अनुरूप कार्यक्रम में 100 से अधिक दिव्यांग बच्चे और बालको कर्मचारी शामिल हुए।





बालको ने स्टिच माई ओन पैड नामक एक विशेष कार्यक्रम भी संचालित किया। आर्थिक रूप से कमजोर और माहवारी से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करते हुए कंपनी द्वारा संचालित प्रशिक्षण ने अलग-अलग दिव्यांग किशोरियों को अपने स्वयं के पुन: प्रयोज्य कपड़े के पैड सिलने के लिए सशक्त बनाया। इस सत्र में माहवारी से जुड़ी चुनौतियों और भ्रांतियों के बारे में भी चर्चा की गई, जिसका उद्देश्य एक ऐसा सहायक वातावरण बनाना था जो किशोरियों के आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रथाओं को अपनाने के लिए सशक्त बनाए।

दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने के लिए बालको ने माहवारी के बारे में शिक्षा को सशक्त बनाने और सुविधाजनक बनाने के लिए विशेष ब्रेल-आधारित शिक्षण मॉड्यूल भी पेश किए हैं। कंपनी के मॉड्यूल से मूक, श्रवण और दृष्टि बाधित बच्चों और संवेदी चुनौतियों का सामना करने वाले इन सभी को अपनी क्षमताओं पर विश्वास करने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रदर्शन तथा कर्मचारी ने बच्चों के साथ कहानियाँ साझा कर उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने समावेशिता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हम अपने कार्यस्थल और साथ ही अपने आस-पास के समुदाय में समावेशिता की संस्कृति बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम व्यक्तियों की अद्वितीय क्षमताओं का जश्न मनाकर और सार्थक बदलाव लाने वाले समान अवसर पैदा करके उन्हें सशक्त बनाने में विश्वास करते हैं। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से हम बाधाओं को तोड़ने और सभी के लिए अधिक न्यायसंगत भविष्य बनाने की उम्मीद करते हैं।

दिव्यांग बच्चों के साथ अपने अनुभव को साझा करते हुए बालको के सहायक प्रबंधक श्री दीपम नाथ ने कहा कि बालको में स्वयंसेवा करना हमेशा एक प्रेरणादायी अनुभव रहा है। समुदाय के साथ जुड़ना मुझे याद दिलाता है कि योगदान करने का विकल्प कितना बेहतर है। दिव्य ज्योति स्कूल की मेरी यात्रा ने मुझे एक ऐसी दुनिया की झलक दिखाई, जहाँ शारीरिक चुनौतियाँ सीमाएं नहीं हैं बल्कि उनका आत्मविश्वास ही उनकी शक्ति है। संगीत की धुनें न सुन पाने के बावजूद छात्रों द्वारा किया गया नृत्य प्रदर्शन उनके दृढ़ संकल्प और प्रतिभा को दर्शाता है जो वाकई में उन्हें विशेष बनाता है। यह एक प्रेरक अनुभव है जो हमेशा मेरे साथ रहेगा।

एक समान कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता के रूप में बालको विविधता और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए कई पहल करता है। संवेदीकरण कार्यशालाओं और प्रशिक्षण का आयोजन कर बेहतर कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देता है जो समझ और सम्मान पर पनपती है। कंपनी एक समावेशी नियुक्ति दृष्टिकोण अपनाते हुए योग्यता-आधारित चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करती है। कंपनी सक्रिय रूप से विविध पृष्ठभूमि, अनुभव और क्षमता युक्त प्रतिभा की तलाश करती है, जिससे विविधता और समावेशन की प्रतिबद्धता मजबूत होती है। कंपनी ने अब तक अपने यहां 18 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों और 3 दिव्यांग कर्मचारियों को नियोजित किया है।

### कर्मयोगी सप्ताह'- राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के अवसर पर आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सात सर्वे श्रेष्ठ कर्मयोगी प्रशिक्षक को अपर महाप्रबन्धक, श्री विजय कुमार साहू के द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया

# मिशन कर्मयोगी अभियान के तहत 50 हजार कर्मचारियो वाले रेलवे जोन की श्रेणी में दक्षिण पूर्व मध्य मध्य रेलवे अव्वल रहा

**बिलासपुर** । दक्षिण पूर्व मध्य मध्य रेलवे में राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह में बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर रेल मंडल में राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के दौरान कर्मयोगी सप्ताह समापन किया गया । प्रथम केटेगीरी में (1) श्री अक्षय कर्मकार स्टेशन मास्टर 9 परिचालन ) नागपुर को प्रथम, मो . फाइजन, टेक्निशन -3, मोती बाग, नागपुर अजय कुमार साहू, मुख्य कर्मचारी और कल्याण निरीक्षक/ बिलासपुर । दूसरी केटेगीरी में (1) श्री वाई. वी. शंकर, मुख्य कर्मचारी और कल्याण निरीक्षक/ रायपुर श्री महेंद्र राम, वरिष्ठ कल्याण निरीक्षक/ बिलासपुर । तीसरी केटेगीरी में (1) श्री नरेश कुमार पटेल, कल्याण निरीक्षक/ रायपुर, (11) श्री बी. पी. शुक्ल, वरिष्ठ कल्याण निरीक्षक/ बिलासपुर को पुरस्कार के लिए चुना गया । आज दिनांक 18 दिसम्बर, 2024 को दक्षिण पूर्व मध्य मध्य रेलवे मुख्यालय में अपर महाप्रबन्धक, श्री विजय कुमार साहू के द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।




इस कार्यक्रम में अपर महाप्रबन्धक, श्री विजय कुमार साहू द्वारा मिशन कर्मयोगी तथा कर्मयोगी सप्ताह के बारे में विस्तार पूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया । इस व्याख्यान के माध्यम से उन्होने रेल कर्मचारियों को iGOT कर्मयोगी प्लेटफॉर्म की उपयोगिता एवं दूरगामी सकारात्मक प्रभावों से अवगत कराया

कर्मयोगी सप्ताह शिक्षण में बिलासपुर,रायपुर, नागपुर मंडलों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थिती दर्ज की ।

उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को कर्मयोगी प्रशिक्षक के रूप मेँ चिन्हित करते हुए प्रधान प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी डॉ दर्शनीता बी अहलुवालिया द्वारा सभी प्रतिभागियों से आह्वान किया कि, वह अपने कार्य स्थल पर लौट कर अगले सप्ताह में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को मिशन कर्मयोगी के तहत iGOT के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करें ।

# पेड़ों पर चला रहे आरियां, रोक पाने में वन विभाग नाकाम

## ग्रामीण क्षेत्रों में हरे-भरे प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई लगातार जारी है



जिला ब्यूरो चीफ रतन कुमार

**दुर्ग। ग्रामीण क्षेत्रों में हरे-भरे प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई लगातार जारी है। सूचना के बाद भी संबंधित विभाग के जिम्मेदार स्थल पर नहीं पहुंच पाते। ऐसे में माफिया कीमती पेड़ों पर आरियां चलाकर लकड़ियों से मोटी रकम कमा रहे हैं। मामले में ठोस कार्रवाई नहीं होने से पूरे जिले भर में लकड़ी तस्कर सक्रिय हैं।**



दशकों पुराने पेड़ों की कटाई कर लकड़ी तस्कर आरा मील व ईंट भट्ठों में बेचकर मालामाल हो रहे हैं। आरा मशीन संचालक भी तस्करों से पूरा लाभ उठा रहे हैं। वो भी इन लकड़ियों को और महंगे दर पर बेचकर खजाना भर रहे हैं। उन्हें पर्यावरण संरक्षण से कोई लेना-देना नहीं है। इससे मैदानी इलाकों में हरियाली खत्म हो रही है, इससे पर्यावरण संतुलन भी बिगड़ रहा है। इसमें प्रशासन की कोई रोक-टोक नहीं होने के कारण अवैध कटाई करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

### पर्यावरण संरक्षण में बड़े बाधक है लकड़ी तस्कर

इसमें ये देखा जा रहा है कि विभागीय निष्क्रियता के कारण प्रतिबंधित कहुआ वृक्ष, आम, रिया एवं इमारती लकड़ियों को बेधड़क काटे जा रहे हैं। इसमें सरकार को आर्थिक नुकसान तो हो रहा है, पर पर्यावरण संरक्षण में ये लोग बड़ी बाधा पहुंचा रहे हैं। फिर भी राजस्व एवं वन विभाग दोनों का अमला ऐसे लोगों पर ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।



**माफिया कीमती पेड़ों पर आरियां चलाकर लकड़ियों से मोटी रकम कमा रहे हैं**

### मुखबिर की भूमिका में अधिकारी

सूत्रों के अनुसार गुंडरदेही परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम अर्जुनी, कोड़ेवा, खेरूद, साजा, दनिया, रनचिरई, मोखा, सियनमरा, पसौद, मोंगरी एवं गुंडरदेही-दुर्ग की सीमा से लगे ओटेबंद व अंडा में लकड़ी तस्कर ज्यादा सक्रिय हैं। जब कभी किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति या मीडिया के जरिए संबंधित अधिकारी को अवैध लकड़ी तस्करी की सूचना दी जाती है तो अधिकारी के पहुंचने के पहले तस्करों की पहले सूचना पहुंच जाती है। इससे वे लकड़ियों को इधर-उधर करने में सफल हो जाते हैं। इससे यह कहना गलत नहीं होगा कि वन विभाग के अधिकारी तस्करों व आरा मिल संचालकों के मुखबिर बने हुए हैं।





### कोचियों के हौसले बुलंद

वन विभाग के अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं करता है, इस कारण लकड़ी कोचियों के हौसले बुलंद हैं। वे दिनदहाड़े परिवहन करते हैं।

### मिलीभगत होने पर की जाएगी कार्रवाई

दुर्ग डीएफओ ने कहा जहां-जहां हमें सूचना प्राप्त होती हैं, फ्लाइंग स्क्वाड कार्रवाई करता है। हमारे किसी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी की मिलीभगत है तो ऐसा मामला सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in